


## नहीं मिल रही कंप्यूटरीकृत पार्किंग पर्ची

रेलवे के नियम अनुसार पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने पर कंप्यूटरीकृत पार्किंग पर्चियां जारी करना अनिवार्य है। सभी प्रवेश और निकास द्वार पर जीपीएस घड़ियां लगी रहेंगी। वर्तमान में यात्रियों को मैनुअल पर्चियां दी जा रही हैं। रेलवे नियम अनुसार पार्क किए गए सभी वाहनों के नुकसान, चोरी या आग के खिलाफ अनिवार्य बीमा का प्रावधान ठेकेदार को सुनिश्चित करना होगा, लेकिन मैनुअल पर्ची में ठेकेदार ने लिखा है कि प्राकृतिक आपदा व आगजनी होने पर पार्किंग ठेकेदार की जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

# रेलवे स्टेशन में 5 दिनों से पार्किंग कर्मचारियों का नहीं हुआ 'ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट', ड्रेस कोड और कंप्यूटर पर्ची भी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- रेलवे प्रशासन को दिन में दो बार करनी है पार्किंग कर्मचारियों के नशे की जांच
- ठेकेदार ने शुरू किया काम लेकिन नियमानुसार संचालन में लगेंगे कुछ और दिन

रेलवे स्टेशन में पिक एंड ड्रॉप सिस्टम खत्म होने के बाद पार्किंग की नई व्यवस्था लागू हो चुकी है। पार्किंग संचालन से यात्रियों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए रेलवे ने पार्किंग ठेकेदार के लिए 30 नियम बनाए थे,




जिनमें एक नियम यह भी है कि रेलवे के अधिकारी पार्किंग कर्मचारियों का दिन में दो बार काम शुरू करने से पहले और काम खत्म करने के बाद ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट किया जाएगा। स्टेशन में 15 सितंबर की रात से पार्किंग का संचालन शुरू हो चुका है, लेकिन रेलवे ने अभी तक एक ▶▶शेष पेज 11 पर

## टी-शर्ट, जूते और नेम प्लेट भी गायब

रेलवे स्टेशन में पार्किंग व्यवस्था, नियमों के साथ संचालन किया जाना है। रेलवे यात्रियों को अच्छी सुविधा देना चाहता है। इसीलिए पार्किंग कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड तय किया गया है, लेकिन फिलहाल कर्मचारी निर्धारित टी-शर्ट व शर्ट पैंट के साथ काम करते नजर नहीं आ रहे हैं। पार्किंग ठेकेदार का कहना है कि एक से दो दिनों के भीतर रेलवे के नियमों के साथ पार्किंग का संचालन होगा। व्यवस्था बनाई जा रही है।



### व्यवस्था बनाई जा रही

स्टेशन में पार्किंग का संचालन नियमानुसार किया जाना है। दो से तीन दिनों के बाद व्यवस्था बनाने के बाद तय नियमों के साथ जांच होगी। यात्रियों को कोई असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

- अवधेश कुमार त्रिवेदी
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक

## खबर संक्षेप

### विसर्जन से लौट रहे व्यक्ति को शराबी ने पीटा

**रायपुर।** धरसींवा थाने में एक व्यक्ति ने एक शराबी के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, दीपक साहू ने संदीप निषाद के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। दीपक ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार देर रात गणेश प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहा था। शराब के नशे में धुत संदीप ने दीपक को रास्ते में रोककर मारपीट की।

### महिला से छेड़छाड़, जान से मारने की दी धमकी

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक महिला ने एक युवक के खिलाफ छेड़खानी एवं मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ओमनगर आरडीए कॉलोनी निवासी 28




वर्षीय महिला ने मोहन साहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि मोहन ने छत के रास्ते उसके घर में प्रवेश कर छेड़खानी की। घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए महिला के साथ मोहन ने मारपीट की।

### मंदिर की दानपेटी से 10 हजार पार

**रायपुर।** माना थाने में एक मंदिर के पुजारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ मंदिर में रखी दान पेटी से कैश चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, प्रदीप चौधरी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रदीप ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर मंदिर के पीछे की तरफ लकड़ी के दरवाजे की कुंडी तोड़कर मंदिर के अंदर प्रवेश किया और दान पेटी से दस हजार रुपए कैश चोरी कर ले गया।

### मोबाइल विवाद पर युवक से मारपीट

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक युवक ने अपने चाचा के खिलाफ मोबाइल मांगने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के



मुताबिक, नीलेश राजपूत ने अपने चाचा चंद्रशेखर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। नीलेश ने पुलिस को बताया कि उसके चाचा उससे मोबाइल लेकर किसी से बात कर रहे थे। इस दौरान उसने अपने चाचा से मोबाइल वापस मांगा। इससे नाराज होकर चंद्रशेखर ने नीलेश के साथ मारपीट की।

### पैतृक जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद, मारपीट

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक व्यक्ति ने अपने तीन रिश्तेदारों के खिलाफ पैतृक जमीन को लेकर विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, नेतेश्वर कुमार अहार ने प्रवीण, दिलीप तथा रेशम अहार के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। नेतेश्वर ने पुलिस को बताया कि उनके पिता की टोर में पैतृक जमीन है, उसी जमीन के पास नेतेश्वर के रिश्तेदारों की भी जमीन है। नेतेश्वर के अनुसार, रिश्तेदार उनकी पैतृक जमीन पर कब्जा कर रहे थे। इसका विरोध करने पर नेतेश्वर के साथ उसके रिश्तेदार प्रवीण तथा अन्य ने मारपीट की।

पसली, सीने में किए चाकू से आधा दर्जन से ज्यादा वार

# झांकी की रात हत्या के पीछे तीन बदमाश, इधर 60 दबोचे गए, इनमें 18 चाकूबाज भी, हथियार जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन झांकी की रात हिस्ट्रीशीटर की हत्या के मामले में मोहल्ले में युवती लाने के विवाद की बात सामने आई है। हत्या की घटना में तीन बदमाश शामिल थे। हत्या की घटना में शामिल बदमाशों के खिलाफ देवेंद्र नगर सहित आसपास के थानों में मारपीट तथा गुंडागर्दी करने का अपराध दर्ज है। इधर, झांकी की रात पुलिस ने थोक में बदमाशों को दबोचा है, इनमें से दर्जनभर से ज्यादा के पास चाकू बरामद हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक फोकटपारा निवासी कौशल चौहान की हत्या के आरोप में कोमल निषाद, राहुल तथा सोनू यादव के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया गया है। घटना रात साढ़े नौ से दस बजे के बीच की है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक राहुल तथा सोनू घटना दिनांक के एक दिन पूर्व ऑटो में किसी युवती को लेकर आए थे। इस बात का विरोध करते हुए कौशल ने राहुल तथा सोनू को मोहल्ले में लड़की लाने से मना करते हुए मोहल्ले का माहौल खराब होने की बात कही। इसी बात को लेकर कौशल के साथ सोनू तथा राहुल की कहा सुनी भी हुई थी। ▶▶शेष पेज 11 पर







बदमाशों से जब्त हथियार।

## दो दिन पूर्व देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र की घटना

### हत्या मामले का एक आरोपी गिरफ्तार

कौशल चौहान की हत्या के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी कमल निषाद को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल अन्य दो आरोपियों की पुलिस पतासाजी करने की बात कह रही है। साथ ही पुलिस बदमाशों के छिपने के संभावित ठिकानों में छापे की कार्रवाई कर रही है। बदमाशों के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।







### कौशल को बुलाने लड़की को भेजा

मोहल्ले में लड़की लाने की घटना के दूसरे दिन राहुल, सोनू तथा कमल एक ऑटो में सवार होकर पुनः कौशल के घर के पास पहुंचे। इसके बाद बदमाश जिस लड़की को पहले दिन अपने साथ लाए थे, उसी लड़की को कौशल को बुलाने घर भेजा। युवती के बुलाने पर कमल फोकटपारा स्थित एक किराना दुकान के पास पहुंचा, तो पहले से घात लगाए बदमाशों ने कौशल के साथ किसी तरह से बात करने के बजाय जेब से चाकू निकालकर उस पर ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया।

# 72 घंटे में 7600 से ज्यादा गणेश की छोटी बड़ी प्रतिमाएं विसर्जित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा। पिछले 72 घंटे के दौरान खारुन नदी महादेव घाट स्थित विसर्जन कुंड में 76 सौ से ज्यादा छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा चुका है। इनमें बड़ी मूर्तियां 1486 एवं छोटी मूर्तियों की संख्या 6116 है।

गणेश विसर्जन का सिलसिला 17 सितंबर को सुबह 6 बजे से शुरू हुआ है, जो गणेश विसर्जन झांकी के बाद भी जारी है। 19 सितंबर की रात को गणेश की झांकियां निकाली गईं, जिसके विसर्जन का सिलसला 20 सितंबर को देर शाम-रात तक विसर्जन कुंड में चलता रहा। गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए यहां क्रेन की व्यवस्था की गई है, जिसके माध्यम से छोटी-बड़ी सभी साइज की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। नगर निगम ने गणेश झांकी के दौरान विसर्जन कुंड में लगने वाली भीड़ को देखते हुए विसर्जन के लिए अंतिम तारीख 23 सितंबर तय किया गया है। हालांकि जिला प्रशासन ने सभी गणेश समितियों तथा भक्तों से 20 तारीख तक प्रतिमाएं विसर्जन करने की अपील की थी, लेकिन कुंड में शुक्रवार को झांकियों के कारण दोपहर तक प्रतिमाओं का विसर्जन चलता ▶▶शेष पेज 11 पर

### छोटी समितियां भी गाजे-बाजे के साथ दे रहीं विदाई

भक्तों द्वारा गणेश जी को बड़े धूमधाम से विदाई दी जा रही है। बड़ी समितियों के अलावा छोटी समितियां भी गणेश की प्रतिमा को विसर्जन करने गाजे-बाजे के साथ जयकारें लगाते हुए विसर्जन कुंड तक ले जा रही हैं, जहां आरती, पूजा-पाठ के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया जा रहा है।

सीमेंट कंपनियों ने नहीं मानी सरकार की बात

# नान ट्रेड में 15 रुपए ही घटाए दाम, अब भी कीमत 20 रुपए ज्यादा

- उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने कहा- बढ़ी कीमत पूरी वापस करने की बात हुई है, पूरी कीमत क्यों कम नहीं की जानकारी लेंगे


नान ट्रेड सीमेंट की कीमत 15 रुपए कम, अब दाम 245 रुपए
हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने प्रदेश सरकार के कहने के बाद भी नान ट्रेड सीमेंट की कीमत को पूरी तरह से वापस नहीं लिया है। शुक्रवार को कंपनियों ने कीमत में 15 रुपए की ही कमी की है। अब भी कीमत 20 रुपए ज्यादा है। इस कीमत के अब कम होने की संभावना नहीं है, क्योंकि कंपनियों ने डीलरों से कहा है कि प्रतिस्पर्धा के कारण रेट 210 रुपए कर दिया गया था। अब वापस इतना रेट करना संभव नहीं है। इसी के साथ खुले बाजार के सीमेंट की कीमत भी अभी पांच रुपए ज्यादा है। 50 रुपए कीमत बढ़ाने के बाद तीन बार में दाम 45 रुपए कम किए गए, लेकिन पुरानी कीमत अब भी लागू नहीं की गई है। प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन का कहना है, जितनी कीमत बढ़ी थी, उतनी वापस लेने की बात ही हुई है। कंपनियों ने पूरी कीमत कम क्यों नहीं की है, इसकी जानकारी लेंगे।

प्रदेश की सीमेंट कंपनियां हमेशा से बेलगाम हैं। कभी भी कीमत बढ़ा दी जाती है। अक्सर मानसून के समय डिमांड न होने के बाद भी कीमत में इजाफा ▶▶शेष पेज 11 पर

### नहीं की पूरी कीमत कम

सीमेंट कंपनियों ने प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद भी सीमेंट के दाम जितने बढ़ाए थे, उतने कम नहीं किए हैं। नान ट्रेड में शुक्रवार को कीमत 15 रुपए और कम करके कीमत को 230 रुपए कर दिया गया है। सरकारी काम करने वाले ठेकेदारों को नान ट्रेड सीमेंट का काम करने वाले डीलर बता रहे हैं कि सीमेंट कंपनियों का कहना है कि हमने प्रतिस्पर्धा के चलते दाम 210 रुपए कर दिए थे, लेकिन अब वापस इतने दाम करना संभव नहीं है। अब कीमत 230 रुपए ही रहेगी।

# राजस्थान से मानसून विदाई के बन रहे आसार, प्रदेश से अगले माह ही संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दक्षिण-पश्चिम मानसून की देश से विदाई की घड़ी नजदीक आने लगी है। राजस्थान में इसके संकेत मिलने लगे हैं और संभवतः अंतिम सप्ताह में इसकी शुरुआत हो सकती है। छत्तीसगढ़ से मानसून की वापसी अगले माह से होने के आसार हैं। प्रदेश में भारी बारिश के लायक फिलहाल सिस्टम नहीं है, जिसकी वजह से उमस भरी गर्मी लोगों को परेशानी करने लगी है।

- भारी बारिश के लायक प्रदेश में फिलहाल सिस्टम नहीं तेज हुई धूप

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार मानसून की वापसी के लिए जो कंडीशन होने चाहिए, वह बनने लगा है। माना जा रहा है कि सितंबर के अंतिम सप्ताह ▶▶शेष पेज 11 पर

### जिलों का संकट टला नहीं

राज्य में सीजन की बारिश का कोटा भले ही पूरा हो चुका है, मगर पांच जिलों में अल्पवर्षा का संकट टला नहीं है। वहां औसत वर्षा का अंतर इतना अधिक हो चुका है कि अब इसकी भरपाई होने की संभावना नहीं के बराबर है। सबसे ज्यादा संकट बेमेतरा जिले में 560 मिमी. के साथ 44 प्रतिशत की कमी का है। सरगुजा जिले में है, जहां 41 फीसदी कमी के साथ 661 मिमी. बारिश हुई है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 631 मिमी. के साथ 29 प्रतिशत की कमी है। जशपुर में 930 मिमी. के साथ 28 प्रतिशत, दुर्ग में 695 के 26 फीसदी की कमी है।

# जगह-जगह डंप दवाइयां एवं गंदगी, खाद्य औषधि विभाग की बिल्डिंग में मंडरा रहा इंफेक्शन का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिल खाद्य एवं औषधि विभाग की बिल्डिंग में इन दिनों इंफेक्शन फैलने का खतरा मंडरा रहा है। इस बिल्डिंग में जगह-जगह जहां गंदगी फैली हुई है, वहीं विभिन्न मामलों में जब्त की गई थोक में दवाइयां जगह-जगह कचरे के ढेर के रूप में पड़ी हुई हैं। इसके कारण इन दवाइयों की तेज दुर्गन्ध पूरी बिल्डिंग में फैल रही है, जिसके कारण दफ्तर के अधिकारी-कर्मचारियों से लेकर अपने काम से यहां पहुंचने वाले लोगों में इंफेक्शन फैलने का खतरा बना हुआ है। इधर इस मामले में विभाग के अधिकारी जगह-जगह डंप दवाइयां एवं गंदगी पर चुप्पी साधे हुए हैं।

### बिल्डिंग के ग्राउंड से सेकेंड फ्लोर तक डंप दवाइयां, पसरी गंदगी

नगर निगम मुख्यालय के सामने स्थित खाद्य एवं औषधि विभाग कार्यालय की बिल्डिंग है। इस बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर पर विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के दफ्तर हैं। इस बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर के चैनल गेट के अंदर सीढ़ी के पास थोक में काटून डंप पड़े हुए हैं। इन काटूनों में बेंजोयल पेरोक्साइड की दवाइयां हैं। इसी प्रकार फर्स्ट फ्लोर के ▶▶शेष पेज 11 पर







### भारी मात्रा में डंप पेट्रोलियम स्प्रिट भी दे रहा खतरे को आमंत्रण

बिल्डिंग परिसर में भारी मात्रा में पेट्रोलियम स्प्रिट भी डंप पड़ा हुआ है। ये स्प्रिट ड्रम के साथ बोतलों में है। पेट्रोलियम स्प्रिट को खुले में रखा गया है, जिसके कारण यह भी विभाग के स्टॉफ और आम लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के तहत जहां राजधानी रायपुर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए जिला एवं नगर निगम प्रशासन द्वारा समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाया ▶▶शेष पेज 11 पर

# एएसपी के बच्चे को ट्यूशन पढ़ाने के नाम पर 60 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- अफसर की शिकायत पर तेलीबांधा थाने में अपराध दर्ज

तेलीबांधा थाना में एटीएस की एक महिला अफसर ने एक ट्यूशन संचालक के खिलाफ 60 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला अफसर ने ऑनलाइन विज्ञापन देखने के बाद ट्यूशन संचालक से संपर्क कर अपनी बेटी को ट्यूशन देने एक साल का ट्यूशन शुल्क 60 हजार रुपए पेमेंट किया था।

पुलिस के मुताबिक एटीएस में एएसपी के पद पर पदस्थ राजश्री मिश्रा की शिकायत पर भिलाई स्थित ट्यूटर फैक्ट्री के संचालक सुयश शर्मा के खिलाफ ठगी का अपराध ▶▶शेष पेज 11 पर

### इस वजह से ट्यूटर ने ट्यूशन लेना बंद किया

महिला पुलिस अफसर के मुताबिक राशि भुगतान करने के बाद कुछ समय तक ट्यूटर उनकी बेटी को ट्यूशन पढ़ाने के लिए घर आई। इसके बाद ट्यूटर ट्यूशन देने घर नहीं पहुंची, तब महिला पुलिस अधिकारी ने ट्यूटर से ट्यूशन लेने नहीं आने का कारण पूछा, तो ट्यूटर ने ▶▶शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचार करें मंत्री और निलंबित हो तहसीलदार



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, तहसीलदारों के तबादला में लेनदेन का आरोप लगाने वाले तहसीलदार को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार मंत्री करें और निलंबन तहसीलदार का किया जाना बेहद ही दुर्भाग्य जनक है। भाजपा सरकार में कमीशनखोर, भ्रष्टाचारियों को संरक्षण मिलता है। जिस प्रकार से मोटी रकम लेकर तहसीलदारों के ट्रांसफर, नियम को ताक पर रख कर किया गया। ट्रांसफर पोस्टिंग में मंत्री की अवैध उगाही की पोल खुलने के बाद मंत्री को बचाने के लिए बेगुनाह और हक की आवाज उठाने वाले तहसीलदार को निलंबित किया गया है। श्री शुक्ला ने कहा, टंकराम वर्मा में नैतिकता होती, तो आरोप लगने के बाद पद से इस्तीफा देते और जब आरोप मुक्त हो जाते, तब वह मंत्री का पद ग्रहण करते।

### गुण्डाधूर और भंजदेव सम्मान के लिए आवेदन 25 तक

रायपुर। राज्य के सर्वोत्कृष्ट खिलाड़ियों से गुण्डाधूर और प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान वर्ष 2024-25 हेतु 25 सितंबर तक आवेदन निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किए गए हैं। खिलाड़ियों के निर्धारित प्रपत्र में आवेदन एवं अनुशंसा, संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम जीई रोड रायपुर अथवा खेल एवं युवा कल्याण के जिला कार्यालयों में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्रस्तुत किया जा सकता है। गुण्डाधूर सम्मान और प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान के लिए चयनित खिलाड़ियों को एक-एक लाख रुपए नकद, अलंकरण फलक, प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया जाएगा। आधिकारिक जानकारी एवं आवेदन की प्रक्रिया खेल विभाग की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### नेशनल लोक अदालत आज




**रायपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय में तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार 21 सितंबर को किया जाना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष, जिला न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी द्वारा रायपुर के सभी नगरवासियों से अपील की गई है कि यदि उनका मामला सिविल न्यायालय या राजस्व न्यायालय में लंबित है और वह सरल, तथा सुगम तरीके से राजी-खुशी से अंतिम रूप से अपने प्रकरण का निराकरण कराना चाहते हैं तो शनिवार 21 सितंबर को नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय परिसर में उपस्थित होकर अपने प्रकरण में नेशनल लोक अदालत के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस बार भी नेशनल लोक अदालत में पेंशन लोक अदालत का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में जिला रायपुर में किया जा रहा है।

### निगम आयुक्त ने किया बूढ़ातालाब का निरीक्षण

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेल के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने ऐतिहासिक बूढ़ा तालाब, स्वामी विवेकानंद सरोवर के रखरखाव, सौंदर्यीकरण व जल शुद्धिकरण से जुड़े प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री मिश्रा ने परिसर में मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस पूरे परिसर का रखरखाव कर रही पर्यटन मंडल की एजेंसी एमएमटी वाटर स्पोर्ट्स लिमिटेड को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं का रीव्यू करें एवं बिजली, प्रकाश, प्रसाधन, सफाई व उपकरणों सहित परिसर के रखरखाव पर ध्यान दें एवं सुनिश्चित करें कि यहां आने वाले नागरिकों को किसी तरह की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, ननि के अपर आयुक्त विनोद पांडेय, जोन-6 कमिश्नर रमेश जायसवाल, महाप्रबंधक (ई एंड टी) पीके पंचायती, डिप्टी मैनेजर अंशुल शर्मा समेत निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# दिल्ली में आज नड्डा, संतोष के सामने प्रदेश के नेता रखेंगे सदस्यता का लेखा-जोखा

## प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सदस्यता अभियान के संयोजक अनुराग सिंहदेव और रूपकुमारी चौधरी बैठक में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर दिल्ली के भाजपा कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महामंत्री बीएल संतोष शनिवार को सुबह 9 बजे से शाम को पांच बजे तक देशभर के राज्यों के संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक लेकर सदस्यता अभियान की जानकारी लेकर समीक्षा करेंगे।

छत्तीसगढ़ से इस बैठक में शामिल होने प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सदस्यता अभियान के संयोजक अनुराग सिंहदेव और सदस्य महासमुंद की सांसद रूपकुमारी चौधरी दिल्ली पहुंच गए हैं। राष्ट्रीय नेताओं के सामने प्रदेश के नेता सदस्यता अभियान का पूरा लेखा-जोखा रखेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने पुराने 18 करोड़ सदस्यों की सदस्यता को रद्द करके नए सिरे से सदस्य बनाने के लिए दो सितंबर से देश भर में चुनावी राज्यों को छोड़कर सदस्यता अभियान प्रारंभ किया है।

भाजपा ने दस करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। अलग-अलग राज्यों को भी अलग-अलग लक्ष्य उनके राज्य के हिसाब से दिया गया है। अब तक देश भर में चार करोड़ सदस्य बन गए हैं।सदस्यता अभियान का पहला चरण 25 सितंबर तक चलेगा।

### प्रदेश में बने 15 लाख सदस्य

प्रदेश में अब तक 15 लाख सदस्य बन गए हैं। बैठक में प्रदेश के नेता राष्ट्रीय नेताओं के सामने पूरी जानकारी रखेंगे कि कहां कितने सदस्य बने हैं। इसी के साथ यह जानकारी भी रखी जाएगी कि किस सांसद और विधायक ने अब तक कितने-कितने सदस्य बनाने का काम किया है। इसी के साथ जिन कार्यकर्ताओं ने सबसे ज्यादा सदस्य बनाए हैं उनके बारे में भी पूरी जानकारी दी जाएगी। प्रदेश संगठन ने सांसदों के लिए 20-20 हजार और विधायकों के लिए 10-10 हजार का लक्ष्य तय किया है। इसी के साथ हर बूथ में 200 सदस्य और प्रदेश भर में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है। पूरी जानकारी राष्ट्रीय संगठन के सामने रखी जाएगी। इसके बाद सभी राज्यों को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महामंत्री बीएल संतोष का सदस्यता अभियान को लेकर मार्गदर्शन मिलेगा।



## बीस बेड में विकसित होगा न्यू बोर्न बेबी के लिए आधुनिक सुविधाओं वाला वार्ड

# नवजातों की देखभाल के लिए पांच नए जिला अस्पतालों में विकसित होंगे एसएनसीयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए जिलों में जन्म लेने वाले नवजातों को होने वाली किसी भी त्वरित शारीरिक समस्या के लिए पांच नए जिला के डिस्ट्रिक हास्पिटल में एसएनसीयू की सुविधा दी जाएगी। शिशु रोग विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ की मौजूदगी में यहां आधुनिक सुविधाओं का वाला वार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए पांचों नए जिलों से आधुनिक वार्ड बनाने स्थल चयन कर प्रस्ताव मांगा गया है।

सूत्रों के अनुसार जन्म लेने के दौरान बच्चों को कई बार गंभीर तरह की शारीरिक समस्या हो जाती है। इसका त्वरित और आधुनिक तरीके से उपचाार मिलने से होने वाली शिशु मृत्युदर को टाला जा सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए अस्तित्व में आए पांच नए जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़, मोहला-मानपुर चौकी, भरतपुर-मनेन्द्रगढ़, खैरागढ़-छुईखदान तथा सक्ती जिले के डिस्ट्रिक हास्पिटल में एसएनसीयू बनाने की योजना पर काम शुरू किया गया है। सूत्रों के अनुसार इसके लिए इन जिलों से डिस्ट्रिक हास्पिटल अथवा उचित हेल्थ सेंटर को चिन्हित कर एसएनसीयू विकसित करने का प्रस्ताव मांगा गया है। योजना के तहत एसएनसीयू बीस बेड की सुविधाओं वाला आधुनिक वार्ड होगा। यहां जरूरी उपकरण रखे जाएंगे, जिससे आपात स्थिति में इलाज के लिए आने वाले शिशुओं को आवश्यक उपचार की सुविधा विकसित कराई जा सके। अधिकारियों के मुताबिक केंद्रीय गाइडलाइन के तहत सभी जिलों में इस विशेष एसएनसीयू होना आवश्यक है, जिसे ध्यान में रखकर भी इस योजना को पूरा किया जा रहा है। यहां इलाज के लिए आने वाले बच्चों के इलाज के लिए शिशु रोग चिकित्सक के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को तैनात किया जाएगा। यहां व्यवस्था जिला स्तर पर पूरी की जाएगी।

### शिशु मृत्युदर में आएगी कमी



### कालीबाड़ी में काम कर रहा एसएनसीयू

रायपुर जिले में नवजात बच्चों की देखभाल और आवश्यक इलाज के लिए कालीबाड़ी और आंबेडकर अस्पताल में एसएनसीयू काम कर रहा है। दोनों स्थानों पर प्रसव के दौरान न्यू बोर्न बेबी को होने वाली किसी भी समस्या के इलाज के लिए इसका उपयोग किया जाता है। इस विशेष नवजात शिशु चिकित्सा इकाई (एसएनसीयू) में शिशुरोग विशेषज्ञों के साथ मेडिकल ऑफिसर और ट्रेंड नर्सिंग स्टाफ को तैनात किया जाता है।

### कोविडकाल के पीआईसीयू का भी होगा उपयोग

कोरोना की तीसरी लहर छोटे बच्चों के लिए घातक साबित होने की आशंका थी। इसे रोकने के लिए सभी जिला अस्पतालों में पीआईसीयू बनाए गए थे। सुविधा जुटाने के लिए सभी जिलों को बड़ा फंड दिया गया था। सूत्रों का कहना है, पीआईसीयू तो बन गए, मगर उनकी आवश्यकता नहीं पड़ी। तभी से यह आपात चिकित्सा इकाई बिना उपयोग के पड़ी है। आने वाले दिनों में इसका उपयोग बड़े बच्चों के इलाज के लिए किया जाए, इसके लिए काम शुरू किया जा रहा है।

### योजना पर चल रहा काम

एसएनसीयू के माध्यम से नवजात शिशुओं को आवश्यक उपचार प्रदान किया जाता है। इसका निर्माण सभी जिला अस्पतालों में किया जाना है, जिसमें नवगठित जिले शामिल हैं।

- डॉ. वीआर भगत, नोडल अफसर, शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम

# अमेरिका में अध्ययन यात्रा कर लौटे साव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव अमेरिका के अध्ययन प्रवास के बाद शुक्रवार सुबह रायपुर पहुंचे। राजधानी वापसी पर स्वामी विवेकानंद विमानतल पर उनका भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बताया कि अमेरिका के अपनी अध्ययन यात्रा के दौरान उन्होंने पांच प्रमुख शहरों का भ्रमण कर सड़क निर्माण और सड़कों के रखरखाव की तकनीक, इनमें एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) के उपयोग और पुल-पुलियों के निर्माण को लेकर तकनीकी विशेषज्ञों से चर्चा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह के साथ अमेरिका के बड़े-बड़े शहरों में निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली तकनीकों का अध्ययन किया। श्री साव ने अमेरिका में निर्माण स्थलों और ग्रीन-फील्ड रोड का भी अवलोकन किया। उन्होंने अपनी यात्रा को काफी लाभदायक बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की परिस्थितियों में जिन तकनीकों का इस्तेमाल हो सकता है, उन्हें यहां जरूर लागू करेंगे। श्री साव अपने अध्ययन प्रवास के दौरान शिकागो में आयोजित भारतीय स्वदेशी मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अमेरिका यात्रा के दौरान सभी शहरों में भारतीयों और खासकर छत्तीसगढ़ के लोगों से बड़ी संख्या में मुलाकात और बात हुई। छत्तीसगढ़ के बहुत से लोग वहां रह रहे हैं और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। श्री साव ने बताया कि उन्होंने अमेरिका में रह रहे छत्तीसगढ़ के लोगों, भारत के अन्य प्रांतों के लोगों और अमेरिकी लोगों को छत्तीसगढ़ आकर प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक-पौराणिक महत्व के स्थलों को देखने तथा यहां की संस्कृति और सभ्यता को समझने के लिए आमंत्रित किया हूं।

## विकास मरकाम बोले

# कांग्रेस खुद नक्सल समस्या की जननी और संरक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता के बयान, जिसमें उन्होंने नक्सलवाद पर भाजपा को नाकाम बताने की कोशिश की थी, पर कहा, पहले तो कांग्रेस को नक्सलवाद पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि ये खुद नक्सल समस्या की जननी और संरक्षक है। हर बार नक्सली कार्रवाई पर पहला विलाप कांग्रेसियों का ही आता है। इस बार प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा नक्सल पीड़ित परिवारजनों को केंद्रीय गृहमंत्री से मिलवाने पर कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है।

श्री मरकाम ने बताया, 16 अप्रैल को सुरक्षा बलों के एक बड़े ऑपरेशन में कुख्यात नक्सली कमांडर समेत 29 दुर्दांत नक्सली ढेर हो जाते हैं, तब इनके नेता भूपेश बघेल सुरक्षा बलों की पीठ थपथपाने के बजाए कहते हैं, भाजपा शासनकाल में फर्जी नक्सली मुठभेड़ होती हैं। बीते चार महीनों के दौरान ऐसे मामले बढ़े हैं। बस्तर में पुलिस पर आरोप लगाते हैं कि भोले-भाले आदिवासियों को डराती है।

जैसे ही उनके बयान की चौतरफा आलोचना शुरू हुई, उन्होंने इससे पल्ला झाड़ सुरक्षा बलों की तारीफ की। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत नक्सलियों को महिमामंडित करने का काम करती दिखती हैं, वह मारे गए नक्सलियों को शहीद बताती हैं। 25 लाख के इनामी नक्सली के ढेर होने पर कांग्रेस कहती है जो शहीद हुए हैं उनकी जांच होनी चाहिए।

# दुर्ग जेल में लोहारीडीह की बंद महिलाओं से मिलने जाएंगी आज महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक दुर्ग जेल में बंद लोहारीडीह कांड की महिलाओं से मिलने के लिए जाएंगी। महिला आयोग ने पुलिस महानिदेशक जेल को एक पत्र लिखकर इसकी जानकारी देने के साथ यह भी बताया है कि महिला आयोग ने इस मामले को सोशल मीडिया में जानकारी देखकर स्वतः संज्ञान में लिया है।

अपने पत्र में महिला आयोग ने लिखा है- मृतक प्रशांत साहू की मां ने सोशल मीडिया के माध्यम से जो बातें रखी हैं, वो इस तरह हैं कि थाने में ले जाकर पूरा पैर ही तोड़ दिया, शरीर के हर हिस्से में मारा गया है। महिला पुलिस भी मारी है, पुरुष पुलिस भी मारे हैं। लड़का और लड़की को ले जाकर मारे हैं। 18 साल की लड़की को एसपी की उपस्थिति में तीन महिला पुलिस द्वारा लाठियों से बर्बारता पूर्वक पीटा गया। दुर्ग जेल में 33 लोगों को ले गए हैं। 11-11 करके रखे हैं। सबको मारा गया है। जेल में बंद महिलाएं खून की उल्टियां कर रही हैं। इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है। इन सब बातों से मालूम होता है कि महिलाओं के साथ पुरुष पुलिस वालों द्वारा बर्बारता की गई है। यह कानून के विरुद्ध है। अतः महिला आयोग ने इस मामले को स्वतः संज्ञान में लिया है और अब महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक दुर्ग जेल में बंद इस प्रकरण की सभी महिलाओं से मुलाकात करेंगी और हालात की जानकारी लेंगी। महिला आयोग के दल में महिला डॉक्टर, अधिवक्ता और विशेषज्ञ रहेंगे।

# निकाय चुनाव : मतदाता सूची में नाम न दोहराएं, मृत लोगों के नाम हटाए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने स्थानीय निकायों के निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली प्रेक्षकों की ब्रीफिंग में कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता ही चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता का आधार है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सूची में कोई नाम दोहराया न जाए, मृत व्यक्तियों के नाम हटाए जाएं और नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जाएं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन नामावली को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए आज विशेष ब्रीफिंग का आयोजन किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य नामावली में संभावित त्रुटियों को दूर करना और सभी योग्य मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज करना है ताकि चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से आयोजित हो सके। आयुक्त अजय सिंह ने निर्धारित समय सीमा में मतदाता सूची शुद्ध एवं त्रुटि पूर्ण बनाने की निर्देश दिए। आयुक्त ने सभी प्रेक्षकों से कहा कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के विभिन्न चरणों में ईआरओ तथा एईआरओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का समय पर निरीक्षण करते रहें और यदि आपको आवंटित जिले में पुनरीक्षण कार्यक्रम में किसी भी चरण में जिले में नियमों, निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है तो इसकी सूचना संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी तथा आयोग को तत्काल प्रदान कर समाधान प्राप्त करें।




### किनके नाम जोड़ना और हटाना है

ब्रीफिंग में निर्वाचक प्रेक्षकों को निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी अहम भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रेक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे मतदाता सूची की जांच और सुधार प्रक्रिया में पूरी सतर्कता बरतें। यह सुनिश्चित किया जाए कि सूची में कोई नाम दोहराया न जाए, मृत व्यक्तियों के नाम हटाए जाएं, और नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जाएं। आयोग द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया की 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता का नाम सूची में आवश्यक रूप से जोड़ा जाए। तथा जिला स्तर पर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

### सचिव ने कही ये बात

आयोग के सचिव डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कहा कि जिला स्तर पर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर राज्य निर्वाचन आयोग से संपर्क कर समाधान लिया जा सकता है। आयोग द्वारा जारी निर्देशों एवं निर्धारित प्रक्रिया का शत प्रतिशत पालन करें तथा किसी भी प्रकार की वाद विवाद की स्थिति निर्मित ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा दी गई जिम्मेदारी का गंभीरता पूर्वक पालन करें। इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयोग की उपसचिव डॉ. नेहा कपूर एवं आलोक श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## अलग-अलग जिलों से आए थे अभ्यर्थी और उनके परिजन

# एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी और परिजन गृहमंत्री के बंगले के बाहर धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एसआई भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी एक पखवाड़ा से ज्यादा समय से आंदोलन कर रहे हैं। एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी परिजन सैकड़ों की संख्या में गुरुवार को गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास में घरना देने के लिए पहुंचे।

एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों के मुताबिक गृहमंत्री विजय शर्मा ने 20 दिन पूर्व उन्हें जल्द से जल्द रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया था। गृहमंत्री के आश्वासन के बाद भी अब तक रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। इसके चलते अभ्यर्थी निराश तथा हताश हैं और रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि सरकार जल्द से जल्द रिजल्ट जारी नहीं करेगी, तो वे इसी तरह से धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।



### तूता में प्रदर्शन जारी

एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी तूता स्थित धरना स्थल में आमरण अनशन के साथ भूख हड़ताल कर रहे हैं। तूता में पूर्व सैनिक एसआई अभ्यर्थी भीखम लाल साहू, जयमोहन प्रधान, श्रद्धा कर्ष के साथ 30 के करीब अभ्यर्थी आमरण अनशन कर रहे हैं। गौरतलब है कि एसआई भर्ती परीक्षा के दो दर्जन से ज्यादा अभ्यर्थियों ने पिछले दिनों मरीन ड्राइव में रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर मुंडन कराया था।

### तत्काल रिजल्ट जारी करने की मांग


अभ्यर्थियों के मुताबिक भर्ती प्रक्रिया पिछले छह वर्षों से चली आ रही है। इस पर बिलासपुर हाईकोर्ट ने 90 दिनों के भीतर रिजल्ट जारी करने आदेश दिया था, जिसकी समय सीमा नौ सितंबर को समाप्त हो गई। बावजूद इसके राज्य सरकार ने अब तक रिजल्ट जारी नहीं किया है। अभ्यर्थियों ने राज्य सरकार को आश्वासन देने के बजाय तत्काल रिजल्ट जारी करने की मांग की है।

### प्रदर्शनकारियों से मिलने पहुंचे गृहमंत्री

गृहमंत्री निवास के पास धरने पर बैठे एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों से मिलने गृहमंत्री विजय शर्मा पहुंचे। वहां उन्होंने अभ्यर्थियों से बात करते हुए जल्द से जल्द रिजल्ट जारी करने एक बार पुनः आश्वासन दिया। धरने पर बैठे अभ्यर्थियों ने गृहमंत्री को उनके पूर्व के बयान का हवाला देते हुए तत्काल रिजल्ट जारी करने की मांग पर अड़े रहे। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि सरकार जब तक एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी नहीं करती है, वो इसी तरह से शांतिपूर्वक आंदोलन जारी रखेंगे। अभ्यर्थियों के परिजनों ने अपने बच्चों के भविष्य का हवाला देते हुए गृहमंत्री से तत्काल रिजल्ट जारी करने की मांग की।

# पीएचई में इंजीनियर्स सहित 181 पदों पर भर्ती का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर वित्त विभाग ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में इंजीनियर्स सहित अन्य पदों पर भर्ती को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से 181 रिक्त पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। नई भर्ती से विभाग के कामकाज की गुणवत्ता में सुधार के साथ पेयजल व्यवस्था भी बेहतर होगी।

पीएचई विभाग में उप अभियंता, अनुरेखक, सहायक ग्रेड-3 सहित विभिन्न रिक्त पदों को भरने के प्रस्ताव को वित्त विभाग से स्वीकृति मिल गई है। इसमें उप अभियंता (सिविल) के 118, उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) के 10, अनुरेखक के 37, सहायक ग्रेड-3 के 02, केमिस्ट के 12 और वाहन चालक के 02 पद शामिल हैं। बताया गया है कि नई भर्तियां न केवल विभाग की कार्यक्षमता को बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि इससे नागरिक सेवाओं में भी सुधार होगा एवं योजनाओं को निर्धारित समय में पूरा किया जा सकेगा। पेयजल की गुणवत्ता और आपूर्ति व्यवस्था भी बेहतर होगी। नल जल जैसी फ्लैगशिप योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सकेगा और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को निरंतर एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में सुगमता होगी।

## स्ट्रीट वेंडर्स को जागरूक करने कार्यशाला

रायपुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नगर निगम स्वास्थ्य विभाग एवं जोन-7 द्वारा जीई रोड में साइंस कॉलेज चौपाटी क्षेत्र में स्ट्रीट वेंडर्स को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने स्वच्छ फूड स्ट्रीट वेंडर्स कार्यशाला रखी गई, जिसमें नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही एवं एनजीओ के सुरेंद्र बैरागी ने स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। इस दौरान पंजीकृत शहरी पथ विक्रेताओं के लिए स्वच्छता, यातायात नियमों के पालन एवं वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन रखा गया। वेंडर्स को वित्तीय सहायता प्रदान करने पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से लोन मेला आयोजन के संबंध में स्थल पर अवगत कराया गया।

## निधन

### जीआर भंडारी



रायपुर। देवेंद्र नगर निवासी जीआर भंडारी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज 20 सितंबर को शुक्रवार को उनके निवास स्थान से मेडिकल कॉलेज पहुंची, जहां उनकी अंतिम इच्छानुसार उनका पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज रायपुर को दान किया गया। वे शांति भंडारी के पति, उषा और निशा के पिता थे।

### बसंत दुबे



रायपुर। सेक्टर 10 भिलाई निवासी सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक भिलाई स्टील प्लांट बसंत दुबे का 20 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से 21 सितंबर सुबह 9 बजे शिवनाथ नदी दुर्ग मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मीना दुबे के पति, सव्यसाची दुबे, डॉ. श्रुति दुबे के पिता तथा डॉ. आशुतोष द्विवेदी, श्वेता दुबे के ससुर थे।

### पूनम गुप्ता



रायपुर। डीडीनगर श्रीराम पार्क निवासी पूनम गुप्ता का 20 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 सितंबर को सुबह 10 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अशोक गुप्ता की पत्नी एवं अनुराग गुप्ता की माता थीं।

# एमडीएमएस सीटों पर प्रवेश जल्द, चिकित्सा छात्रों को दस्तावेज तैयार रखने हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एमबीबीएस-बीडीएस के दूसरे राउंड के प्रवेश के साथ मेडिकल कालेजों की एमडी-एमएस की सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा विद्यार्थियों को एडमिशन के लिए अपने तमाम दस्तावेज तैयार रखने की हिदायत दी गई है। राज्य में निजी और शासकीय मेडिकल कालेज में पीजी की 460 सीट हैं। इनमें सबसे ज्यादा जीएमसी रायपुर में हैं।

प्रदेश में चिकित्सा से संबंधित महाविद्यालयों में प्रवेश का दौर जारी है। यहां डेंटल कालेजों में एमडीएस का एडमिशन हो चुका है, एमबीबीएस और बीडीएस प्रवेश के दूसरे राउंड की काउंसिलिंग जल्दी ही प्रारंभ होगी। इस बीच चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा एमडी-एमएस की सीटों पर भी प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को तैयारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए उन्हें मूल निवास, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाणपत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों को तैयार रखने कहा गया है। जानकारी के अनुसार राज्य में एमडी-एमएस की कुल 460 सीटें है इनमें शासकीय कालेज में 271 सीट है। माना जा रहा है कि मेडिकल पीजी की प्रवेश परीक्षा अंतिम सप्ताह में शुरू की जाएगी।

### राज्य में मेडिकल पीजी की 460 सीट, सबसे ज्यादा रायपुर में

#### नर्सिंग एडमिशन अब 31 अक्टूबर तक

भारतीय नर्सिंग काउंसिल ने पहले राउंड की काउंसिलिंग के दौरान प्रवेश की अंतिम तिथि को एक माह आगे बढ़ा दी है। बीएससी, एमएससी, जीएनएम सहित तमाम नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश अब 30 सितंबर के बजाए 31 अक्टूबर तक दी जाएगी। पहले राउंड में बीएससी के 7221 सीटों के लिए 5509 ने पंजीयन कराया था और 4026 लोगों की आवंटन सूची जारी की गई थी।



#### च्वाइस फीलिंग का अंतिम दिन

*चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मेडिकल और डेंटल के प्रवेश के लिए संस्था चयन के लिए पहले 19 सितंबर तक का वक्त दिया था। बाद में इस अवधि में वृद्धि करते हुए 21 सितंबर तक यह प्रक्रिया पूरी करने का आदेश जारी किया था। इस दौर का एडमिशन 26 से एक अक्टूबर तक पूरी की जाएगी। दूसरे राउंड के बाद शेष बची सीटों में प्रवेश के लिए मॉपअप राउंड का मौका दिया जाएगा।*

## सैकड़ों प्रकरण थानों में डंप, अफसर बेपरवाह

# 13 सौ से ज्यादा खसरा नंबर की भूमि पर अवैध प्लाटिंग, एफआईआर 25 पर भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर सहित जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले करीब दो वर्ष में 13 सौ से भी ज्यादा अवैध प्लाटिंग के प्रकरण सामने आए हैं। इनमें ज्यादातर प्रकरणों में भू माफिया किसानों की जमीन का एग्रीमेंट कर उन्हें टुकड़ों में बेचकर वहां अवैध रूप से कालोनी बनाने का काम करवा रहे थे। इनमें 100 से ज्यादा ऐसे भी प्रकरण हैं, जिनमें भूमि माफिया शासकीय भूमि पर कब्जा कर वहां अवैध प्लाटिंग कर रहे थे। प्रशासन के निर्देश पर अवैध प्लाटिंग का काम रुकवाने की कार्रवाई करते हुए सैकड़ों प्रकरणों में एफआईआर दर्ज करने के लिए संबंधित क्षेत्रों के थानों में आवेदन भी दिए गए हैं, लेकिन इनमें से 25 से भी कम प्रकरणों में ही एफआईआर दर्ज की जा सकी है, जबकि अन्य प्रकरणों में एफआईआर तो दूर, जांच तक नहीं की जा रही है। यही कारण है कि थानों में अवैध प्लाटिंग संबंधित डंप आवेदनों की संख्या भी बढ़ रही है। राजधानी रायपुर में अवैध प्लाटिंग पर लगाम लगाने के लिए तत्कालीन कलेक्टर डा. सर्वेश्वर सिंह भुरे के कार्यकाल से काम शुरू हुआ है। डा. भुरे ने अपने कार्यकाल के दौरान जिले में अवैध प्लाटिंग के मामले में 1005 खसरा नंबरों को ब्लॉक कराया था। इन ब्लॉक खसरा नंबरों में कुछेक को छोड़कर अन्य सभी खसरा नंबर अब तक ब्लॉक हैं। इन्हें खोला नहीं गया है। डा. भुरे के बाद जिले की कमान संभाले डा. गौरव सिंह ने भी अवैध प्लाटिंग पर सख्ती दिखाते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को भू-माफिया के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश के तहत एफआईआर दर्ज कराने के लिए भी कहा गया था। उनके निर्देश पर भी जमकर अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग के मामले भी उजागर हुए, जिस पर कार्रवाई कर मुक्त कराया गया है।



**दस्तावेजों सहित कई कारण से एफआईआर नहीं:** सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा इन प्रकरणों में एफआईआर नहीं करने के वैसे तो कई कारण है, जिनमें प्रमुख दो कारण पुलिस को अवैध प्लाटिंग या कब्जा करने वाले की पहचान नहीं बताना तथा संबंधित भूमि का बटांकन-सीमांकन के दस्तावेज पुलिस को उपलब्ध नहीं कराया जाना है। यहीं कारण है कि पुलिस भी इन प्रकरणों में जांच नहीं कर आवेदनों को डंप किया हुआ है।

### एफआईआर के लिए 93 आवेदन भेजे गए

अवैध प्लाटिंग के 93 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज करने के लिए थानों में आवेदन दिया गया है। पुलिस को इसकी जांच कर आगे की कार्रवाई करना चाहिए। सीमांकन-बटांकन के दस्तावेज तो तहसील कार्यालय से उन्हें मिल जाएंगे।

**- राकेश शर्मा,** कमिश्नर, जोन 10

### नियमानुसार की जाती है कार्रवाई

अवैध प्लाटिंग मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। जो खसरा नंबर ब्लॉक हुए है उन्हें खोला नहीं गया है। नए प्रकरणों में भी कार्रवाई की गई है। ज्यादातर प्रकरणों में कार्रवाई के दौरान अवैध प्लाटिंग करने वालों का पता नहीं चल पाता है। इस कारण एफआईआर कराने में दिक्कत आती है।

**- कीर्तिमान सिंह राठौर**
अपर कलेक्टर, राजस्व विभाग रायपुर

### 3 सौ से ज्यादा प्रकरणों पर कार्रवाई

*कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश के बाद जिले में तीन सौ से ज्यादा खसरा नंबरों की भूमि पर अवैध प्लाटिंग के मामले उजागर हो चुके है। इनमें रायपुर नगर निगम क्षेत्र में ही करीब सौ प्रकरण हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 2 सौ से ज्यादा है। इन प्रकरणों के उजागर होने के बाद कई प्रकरणों में संबंधित जोन कमिश्नर एवं राजस्व अधिकारियों द्वारा संबंधित थानों में शासकीय भूमि पर कब्जा एवं अवैध प्लाटिंग करने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन किए हैं, लेकिन इनमें से अब तक एक प्रकरण में भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।*

### टिकरापारा-मुजगहन थाने में 93 प्रकरण भेजे गए

*शहर के जोन-10 निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के सबसे ज्यादा प्रकरण मामले सामने आ चुके हैं। दो साल में इस क्षेत्र में दो सौ से अधिक प्रकरण सामने आए है, जिनमें अवैध प्लाटिंग के अलावा शासकीय भूमि पर कब्जा मिलाकर करीब 93 प्रकरणों पर सख्त कार्रवाई के लिए जोन कार्यालय द्वारा टिकरापारा और मुजगहन थाने में एफआईआर कराने के लिए आवेदन भी भेजा गया है, लेकिन इनमें अब तक एक भी प्रकरण में एफआईआर नहीं हो पाई है। इसी प्रकार अन्य कई थानों में भी आवेदन दिए गए हैं।*

# बड़े तरिया की तर्ज पर नरैया तालाब में चलेगी टॉय ट्रेन

## बटर फ्लाई पार्क एवं वेंडिंग जोन भी बनेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के सिद्धार्थ चौक स्थित नरैया तालाब को अब कुम्हारी स्थित बड़े तरैया की तर्ज पर पिकनिक स्पॉट बनाया जाएगा। यहां बच्चों के लिए टॉय ट्रेन से लेकर बटर फ्लाई पार्क एवं वेंडिंग जोन भी बनाया जाएगा। नगर निगम से इस कार्य के लिए पहले ही एक करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी मिल चुकी है। निगम कमिश्नर एवं स्मार्ट सिटी प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने शुक्रवार को तालाब स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को प्रस्तावित योजना पर शीघ्र कार्य कराने के निर्देश दिए।

**निजी कंपनी को दिया जाएगा ठेका:** नरैया तालाब पिकनिक प्रोजेक्ट पर कार्य के लिए नगर निगम जल्द ही टेंडर निकालेगा। इस टेंडर के अनुसार तालाब में प्रोजेक्ट के तहत निर्माण कार्य होंगे। इसके बाद बड़े तरिया की तर्ज पर ही पिकनिक स्पॉट को संचालन के लिए निजी कंपनी को ठेके पर दिया जाएगा।

### जल्द टेंडर निकालेंगे

नरैया तालाब प्रोजेक्ट के लिए जल्द ही टेंडर निकालेंगे। पिकनिक स्पॉट के लिए एक करोड़ रुपए के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद इसके संचालन का काम निजी कंपनी को दिया जाएगा। इसके लिए भी टेंडर होगा।

**- रमेश जायसवाल,** कमिश्नर, जोन-6

### 16 सीटर टॉय ट्रेन बड़े तरिया से ज्यादा आकर्षक होगी

बड़े तरिया की तर्ज पर नरैया तालाब को भी विशेष रूप से बच्चों के लिए पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इस प्रोजेक्ट के तहत तालाब के चारों तरफ टॉय ट्रेन चलाई जाएगी। इस ट्रेन को बड़े तरिया से और ज्यादा आकर्षक रूप दिया जाएगा। टॉय ट्रेन 16 सीटर होगी। नरैया तालाब में बड़े तरिया की तरह बटर फ्लाई पार्क, वेंडिंग जोन भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा बच्चों के लिए जंपिंग सहित अन्य झूले भी होंगे। तालाब के चारों तरफ विद्युत लाइटें लगेंगी।

## बेसिक कंप्यूटर कोर्स प्रशिक्षण का समापन

रायपुर। केयर स्किल फाउंडेशन ने 20 सितंबर को धनेली धरसींवा स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 45 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर कोर्स के बैच 4 का समापन किया। इसमें 18 युवतियों एवं 12 युवकों ने भाग लिया। शिविर का आगाज 5 अगस्त से किया गया था बेसिक कंप्यूटर कोर्स के प्रशिक्षक हरिहर दास ने प्रशिक्षुओं को हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, एमएस ऑफिस, इंटरनेट, फंडामेंटल समेत अनेक जानकारियां दीं। प्रशिक्षुओं ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला। फाउंडेशन की ओर से केंद्रिश श्री साहू, विजय निषाद, शशिकांत साहू, अवेंद्र कुमार, हरिश्वर दास, भुनेश्वरी बाघ, अजय चौधरी व अभिषेक पंडा मौजूद रहे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम परसदा प.ह.नं. 05
रा.प्र.क्र. 202405111100140 /अ-6(अ)
वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामबिशाल साहू पिता स्व. बद्रीनाथ साहू निवासी ग्राम परसदा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम परसदा प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. व उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित ख.नं. 526 रकबा 0.040 हे. भूमि स्थान पर ख.नं. 527 रकबा 0.060 हे. भूमि दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पत्र न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर के समक्ष पेश किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था /समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 09/10/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 13/09/2024 को जारी किया गया।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// नाम परिवर्तन सूचना //**

मैं वंदना कोटक उम्र 40 वर्ष वली कु. युविका चौधरी उर्फ पिहू पिता- श्री हरीश कोटक, स्थायी पता- कोटक भवन, शिव मंदिर लेन-03, अपोजिट भीम सरिया टिम्बर, फाफाडीह, जिला रायपुर छ.ग. वर्तमान पता- G-06,B- Block, Vertex Panache, Kokapet, Beside Akshay Patra Foundation, Hyderabad, Telangana-500075 शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूँ -
01. यह कि मेरा विवाह योगेन्द्र चौधरी से दिनांक- 21/11/2007 को हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ था। विवाह के पूर्व मेरा नाम कु. वंदना कोटक था विवाह के पश्चात मैंने अपना नाम परिवर्तित कर अपने पति का सरनेम धारण किया तत्पश्चात मैंने अपने सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों एवं विभिन्न निकाय, बैंक एकाउंट व अन्य निजी संस्थाओं तथा पहचान संबंधी पत्रों में जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, पासपोर्ट व वोटर आई.डी. कार्ड इत्यादि में अपना नाम बदलकर श्रीमती वंदना चौधरी परिवर्तित करा लिया। 02. यह कि मेरा अपने पति योगेन्द्र कुमार चौधरी से आपसी सहमति के आधार पर दिनांक- 30/09/2022 को प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रायपुर छ.ग. (पीठासीन अधिकारी विजेन्द्र कुमार शास्त्री) के न्यायालय से व्यवहार वाद क्र.- एच. एम. ए. 417/22 के माध्यम से दिनांक 21/11/2007 के विवाह को विघटित कर विच्छेदित कर दिया गया, जिसकी आज्ञप्ति माननीय न्यायालय के द्वारा पारित कर दी गई। 03. यह कि मेरी पुत्री कु. युविका चौधरी उर्फ पिहू है, जो वर्तमान में लगभग 03 वर्ष की है और न्यायालय द्वारा पुत्री कु. युविका चौधरी उर्फ पिहू को मेरे कब्जे में प्रदान की है और वर्तमान में मैं उसकी "सिंगल मदर" हूँ और उसका पालन पोषण भी मेरे द्वारा ही किया जाता है, अब मैं अपनी पुत्री का सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों एवं विभिन्न निकाय, बैंक एकाउंट व अन्य निजी संस्थाओं तथा पहचान संबंधी पत्रों में जैसे आधार कार्ड में उसका नाम परिवर्तित कर कु. युविका चौधरी उर्फ पिहू के स्थान पर जिनल कोटक करवाना चाहती हूँ तथा पिता के नाम के स्थान पर सिंगल मदर के रूप में मैं अपना नाम वंदना कोटक के रूप में गार्जियन की हैसियत से दर्ज करवाना चाहती हूँ, इस हेतु मेरे द्वारा उक्त शपथ पत्र सिंगल मदर की हैसियत से निष्पादित कर रही हूँ।

यह कि उक्त शपथ पत्र मेरे द्वारा अपनी पुत्री का नाम परिवर्तन एवं पिता के स्थान पर सिंगल मदर के रूप में वंदना कोटक का नाम परिवर्तन हेतु निष्पादित कर रही हूँ।

शपथकर्ता- वंदना कोटक

## पेज 9 के शेष

### रेलवे स्टेशन में...

भी दिन नशे की जांच नहीं की है। पूर्व पार्किंग ठेके में यात्रियों की शिकायत थी कि कर्मचारी नशे में काम करते हैं। इस वजह से लोगों से दुर्व्यवहार की शिकायत बढ़ गई थी। इसे कम करने रेलवे ने यह सख्त नियम बनाया था। हालांकि मंडल के उच्च अधिकारियों का कहना है कि दो से तीन दिनों में नियमानुसार रोजाना जांच होगी। फिलहाल पार्किंग को लेकर जो नियम बनाया था, उसका पार्किंग ठेकेदार द्वारा शत प्रतिशत पालन नहीं किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक 30 में एक भी नियम का उल्लंघन करने पर सीधे जुर्माना व कार्रवाई का प्रावधान है।

### झांकी की रात...

पसली, छाती में चाकू से आधा दर्जन वारः घटना के समय बदमाशों के गांजा, नशीला टेबलेट तथा शराब के नशे में होने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार बदमाशों ने कौशल की पसली तथा छाती के पास चाकू से आधा दर्जन वार किया है, जिसकी वजह से कौशल की मौके पर ही मौत हो गई।

दो दिन पूर्व थाना बुलाकर दी थी समझाइश : पुलिस के अनुसार गणेश प्रतिमा झांकी विसर्जन में बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ थाना बुलाकर किसी भी तरह की बदमाशी नहीं करने समझाइश दी गई थी। इसी कड़ी में कौशल, सोनू तथा राहुल को थाना तलब किया गया था। थाने में तीनों बदमाशों को किसी भी तरह की अपराधिक घटना नहीं करने समझाइश दी गई थी।

पांच दर्जन से ज्यादा बदमाश दबोचे गए : गणेश प्रतिमा विसर्जन झांकी के दौरान पुलिस ने 60 से ज्यादा बदमाशों को दबोचा है। दबोचे गए बदमाशों में 18 के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से दो दर्जन से ज्यादा चाकू, कैंची व अन्य हथियार जब्त किए हैं। शांति भंग करने की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने 42 बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

### 72 घंटे में 7600 से...

रहा। कुंड स्थल में में बड़ी झांकियों के कारण भीड़ होने के कारण गली-मोहल्लों में विराजित कई छोटी समितियों ने अब तक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं किया है। इसे देखते हुए संभावना जताई जा रही है कि विसर्जन का दौर शनिवार एवं रविवार को भी जारी रहेगा। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार पिछले 72 घंटे में विसर्जन कुंड में 76 सौ से ज्यादा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा चुका है।

### जगह-जगह डंप...

बरामदे में थोक में दवाइयों से भरी बोरियां को डंप किया हुआ है। इन बोरियों में कंचन आकार में ब्लेक सहित अन्य रंग की दवाइयां हैं, जो कचरे की ढेर की तरह पड़ी होने के कारण पावडर में तब्दील हो रही हैं। इस फ्लोर में कबाड़ का रूप ले चुके टेबल, कुर्सी, ड्रम सहित अन्य सामान भी बिखरे पड़े हुए हैं, जिसके कारण गंदगी फैली हुई है।

### भारी मात्रा में डंप...

जाता है, लेकिन शहर में ऐसे कई सरकारी कार्यालय हैं, जहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिसके कारण वहां इंफेक्शन फैलने का भी खतरा मंडराने लगा है। इनमें एक खाद्य एवं औषधि विभाग कार्यालय भी है।

### राजस्थान से मानसून...

में इसकी घोषणा भी की जा सकती है। राजस्थान के बाद छत्तीसगढ़ से इसकी वापसी में काफी वक्त लगता है और यहां से विदाई ज्यादातर अक्टूबर से दूसरे पखवाड़े में भी होती है और इस बार यही माना जा रहा है। राज्य में फिलहाल बारिश की गतिविधि रुकी हुई है, यहां जोरदार वर्षा के लिए अभी तगड़ा सिस्टम नहीं है।

प्रदेश में मानसून आगमन और विदाई

वर्ष आना (जून) बस्तर
जाना (अक्टूबर) अंबिकापुर

| | | |
|---|---|---|
| 2023 | 21 | 14 |
| 2022 | 13 | 16 |
| 2021 | 10 | 13 |
| 2020 | 11 | 21 |
| 2019 | 15 | 10 |
| 2018 | 8 | 05 |
| 2017 | 14 | 17 |
| 2016 | 18 | 15 |
| 2015 | 13 | 18 |
| 2014 | 19 | 17 |

### नान ट्रेड में...

किया जाता है। इस बार भी तीन सितंबर को कीमत 50 रुपए बढ़ाई गई थी। इसके बाद हरिभूमि में लगातार खबरों के प्रकाशन और चौतरफा दबाव के चलते खुले बाजार के सीमेंट में 45 रुपए और नान ट्रेड में 15 रुपए कीमत कम की है। एक दिन पहले गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने सीमेंट कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों के साथ बैठक करके उनको पुरानी कीमत लागू करने के निर्देश दिए और उनको बताया गया कि प्रदेश सरकार किसी भी हाल में मनमर्जी बर्दाश्त नहीं करेगी। अब भविष्य में कीमत बढ़ाने से पहले सरकार को इसके कारण के साथ जानकारी देकर मंजूरी लेनी होगी।

### एएसपी के बच्चे को...

दर्ज किया गया है। अफसर के मुताबिक वाट्सएप पर विज्ञापन देखने के बाद उनके पति ने बेटी को साइंस तथा फिजिक्स पढ़ाने महिला ट्यूटर उपलब्ध कराने सुयश से संपर्क किया। सुयश ने डेमो देने दो महिला ट्यूटर उपलब्ध कराए। इसके बाद महिला अफसर ने ट्यूशन संचालक को ट्यूशन के लिए पूरे एक वर्ष की राशि का भुगतान कर दिया।

### इस वजह से ट्यूटर...

ट्यूशन संचालक द्वारा भुगतान नहीं करने पर ट्यूशन लेने नहीं आने की बात कही। इसके बाद महिला पुलिस अफसर ने ट्यूशन संचालक के खिलाफ थाना में ठगी की शिकायत दर्ज कराई।

*राजातालाब की युवती ने राखी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट*

# शादी डॉट कॉम पर संपर्क कर मेरठ के शादीशुदा व्यक्ति ने किया युवती से रेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राखी थाना में एक युवती ने मेरठ के रहने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ शादी करने का झांसा देकर रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना चार माह पूर्व मई की है। शादीशुदा युवक ने युवती से शादी डॉट कॉम के माध्यम से संपर्क किया था। युवक के शादीशुदा होने की जानकारी युवती को मेरठ जाने के बाद मिली। पुलिस के मुताबिक उत्तरप्रदेश, मेरठ निवासी अनस खान के खिलाफ युवती ने शादी करने का झांसा देकर रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती ने पुलिस को बताया है कि अनस ने शादी डॉट कॉम के माध्यम से अपने आपको अविवाहित होना बताया और युवती के साथ शादी करने की इच्छा व्यक्त की। समान धर्म होने की वजह से युवती के परिजनों ने शादी के लिए हामी भर दी। इसके बाद युवती से मिलने अनस मई में रायपुर आया और युवती के साथ रेप कर फरार हो गया और अपना मोबाइल बंद कर दिया। इसके बाद युवती के परिजनों ने अनस के बारे में जानकारी जुटाई, तो उसके विवाहित होने की जानकारी मिली।



### प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निशुल्क मॉडल टेस्ट कल

रायपुर। यूपीएससी, पीएससी, बैंकिंग, एसएससी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क मॉडल टेस्ट पेपर का आयोजन सामाजिक संस्था विकास परिषद द्वारा 22 सितंबर को प्रातः 9 से 12 बजे तक रखा गया है। यह मॉडल टेस्ट नूतन स्कूल आरडीए कॉलोनी टिकरापारा में होगा। इच्छुक प्रतिभागी समय पर पहुंचकर अपना पंजीयन सुनिश्चित कर सकते हैं। निशुल्क कोचिंग के कार्यक्रम प्रभारी गणेश मेहेर ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि संस्था द्वारा विभिन्न भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग का एक नया बैच भी 23 सितंबर से शुरू किया जाएगा।




## बिजनेस साइट

# क्या आप वित्तीय स्वतंत्रता हासिल करने के इच्छुक हैं? प्रभावी एसेट आवंटन का प्रयास करें

रायपुर। वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करना एक ऐसा लक्ष्य है जिसे प्राप्त करने की बहुत से लोग इच्छा रखते हैं, लेकिन इसे पाने के लिए केवल लगन से बचत करने या सबसे अच्छे स्टॉक चुनने से कहीं अधिक की आवश्यकता होती है। सबसे शक्तिशाली लेकिन अक्सर नजरअंदाज की जाने वाली रणनीतियों में से एक एसेट एलोकेशन यानि परिसंपत्ति आवंटन है। सीधे शब्दों में कहें तो, एसेट आवंटन आपके वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार जोखिम और रिवॉर्ड को संतुलित करने के लिए आपके निवेश को विभिन्न एसेट वर्गों जैसे इक्विटी, बांड, रियल एस्टेट, सोना और नकदी में फैलाने की कला है।



**योगेश गुरनानी**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रायपुर

**मूल में विविधीकरण (डायवर्सीफिकेशन)-** प्रभावी एसेट आवंटन की कुंजी विविधीकरण में निहित है। ऐसी एसेट्स के मिश्रण में निवेश करके जो एक साथ नहीं चलती हैं, आप अपने पोर्टफोलियो को बाजार की अस्थिरता से बचाते हैं। उदाहरण के लिए, जब स्टॉक खराब प्रदर्शन कर रहे हों, तो बांड या अन्य सुरक्षित निवेश स्थिरता प्रदान कर सकते हैं। यह संतुलित दृष्टिकोण मंदी के दौरान नुकसान को कम करता है और आपके पोर्टफोलियो को अनुकूल परिस्थितियों में विकास के लिए तैयार करता है

**कस्टमाइजेशन मूल मंत्र है-**
एसेट आवंटन एक आकार - सभी के लिए उपयुक्त रणनीति नहीं है। इसे आपके व्यक्तिगत लक्ष्यों, समय सीमा और जोखिम उठाने की क्षमता के अनुरूप बनाया जाना चाहिए। लंबी समय सीमा वाले युवा निवेशकों के लिए, अधिक आक्रामक आवंटन इक्विटी पर अधिक ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण विकास क्षमता प्रदान कर सकता है। इसके विपरीत, जो लोग सेवानिवृत्ति के करीब हैं वे पूंजी को संरक्षित करने के लिए बांड और अन्य कम जोखिम वाले निवेशों की ओर झुकाव करते हुए एक पारंपरिक मिक्स को प्राथमिकता दे सकते हैं।

**सदैव सतर्क रहें-** वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपने पोर्टफोलियो की नियमित समीक्षा और रीबैलेंसिंग भी आवश्यक है। बाजार की गतिविधियां आपके एसेट आवंटन को बदल सकती हैं, संभावित रूप से आपको अनपेक्षित जोखिमों और समय-समय पर रीबैलेंसिंग के जोखिम में डाल सकती हैं, आप अपने लक्ष्यों के साथ पोर्टफोलियो एलाइनमेंट सुनिश्चित कर सकते हैं।

प्रभावी एसेट आवंटन समझदारी से जोखिमों का प्रबंधन करके वित्तीय स्वतंत्रता के लिए एक स्थिर मार्ग बनाता है। यह सुनिश्चित करता है कि आपका पैसा अनावश्यक खतरों के बिना कड़ी मेहनत करे। चाहे आप अपनी निवेश यात्रा शुरू कर रहे हों या अपने दृष्टिकोण को बेहतर कर रहे हों, एसेट आवंटन पर ध्यान केंद्रित करना स्थायी वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने का मूलमंत्र है।

हालांकि, एक आम निवेशक के लिए, एसेट आवंटन अक्सर कहने से आसान होता है। एक आसान विकल्प एसेट एलोकेटर म्यूचुअल फंड, जैसे आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड (एफओएफ) में निवेश करना है। यह फंड मुख्य रूप से इन-हाउस वैल्यूएशन मॉडल के आधार पर इक्विटी, डेट और गोल्ड म्यूचुअल फंड योजनाओं / ईटीएफ के बीच निवेश करता है। 30 अगस्त, 2024 तक, इस फंड ने 22.28 प्रतिशत का प्रभावशाली एक साल का रिटर्न हासिल किया, जिसमें 3 साल का सीएजीआर 14.02 प्रतिशत और 5 साल का सीएजीआर 15.21 प्रतिशत था।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## स्कूली बच्चों को दिया स्वच्छता का संदेश



**रायपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को शहर के पं. गिरजाशंकर शासकीय स्कूल परिसर में जोन-7 के तहत मोहबा बाजार और डूमर तालाब कुकुरबेड़ा शासकीय स्कूल परिसर में, जोन-9 द्वारा सड्डू क्षेत्र के शासकीय स्कूल परिसर में, जोन-10 की टीम द्वारा श्रीराम शर्मा मिंटू स्कूल परिसर में स्कूल बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों को स्वच्छता का जीवन में महत्व समझाया गया एवं उनसे अपने घर के बड़ों एवं अभिभावकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने सहभागी बनने का आव्हान किया गया।

## दशहरा अवकाश 7 अक्टूबर से

**रायपुर।** प्रदेश के विद्यालयों में दशहरा, दीपावली और ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए भेजे गए प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। जारी आदेश के अनुसार शैक्षणिक सत्र के शिक्षा संस्था के लिए कुल 64 दिनों का अवकाश घोषित किए गए हैं। जारी आदेश में दशहरा के अवसर पर 7 से 12 अक्टूबर तक 6 दिन का अवकाश घोषित किया गया है। इसी प्रकार दीपावली त्यौहार पर 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक 6 दिन का अवकाश घोषित किया गया है। वहीं शीतकालीन अवकाश 23 से 28 दिसंबर तक 6 दिन और ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून 2025 तक कुल 46 दिन तक रहेगा। इस प्रकार कुल मिलाकर 64 दिन का अवकाश घोषित किया गया है।

# लापरवाही से महिला की मौत, एमएमआई को स्वास्थ्य योजना से हटाकर हाईलेवल जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वाइन फ्लू पीड़ित भारती खेमानी की मौत के मामले में गंभीर लापरवाही के आरोपों से घिरे एमएमआई नारायणा हास्पिटल पर कार्रवाई की मांग उठने लगी है। सामाजिक संस्था हमर संगवारी ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर स्वास्थ्य योजनाओं से हटाने और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। इस मामले में विभागीय जांच मौत का कारण जानने पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

टाटीबंध में रहने वाला खेमानी परिवार पिछले नौ दिन से भारती खेमानी की मौत के मामले में न्याय का इंतजार कर रहा है। इस प्रकरण में स्वास्थ्य विभाग की टीम अपनी जांच में जुटी हुई है, जो पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर अटकी हुई है, जिससे महिला की मृत्यु का कारण पता चलेगा। फ्लाइट की दस मिनट उड़ान के बाद वापस और अस्पताल में महिला को मृत घोषित करना लापरवाही को प्रकट करता है, जिसका उल्लेख जांच रिपोर्ट में शामिल किए जाने की संभावना है। इस मामले में खेमानी परिवार ने अस्पताल प्रबंधन पर झूठा बयान देने का भी आरोप लगाया है। उनकी ओर से आने वाले दिनों में अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ बड़ा एक्शन लेने की तैयारी है। इधर हमर संगवारी के राकेश चौबे ने अपने पत्र में इस मामले में बड़ा एक्शन लेते हुए एमएमआई का नाम शासकीय, अर्द्धशासकीय कर्मचारियों की गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए शामिल सूची से हटाने की मांग की है। इस प्रकरण में उनके खिलाफ उच्चस्तरीय जांच की मांग भी की गई है।

**खास बातें**

- सामाजिक संस्था हमर संगवारी ने सीएम, हेल्थ मिनिस्टर को भेजा पत्र
- मौत का कारण जानने पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर अटकी विभागीय जांच


एमएमआई कांड पर एक और वीडियो, बेटे का आरोप, डॉक्टर के कहने पर कराया एयर लिफ्ट
हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर
आठ दिन पहले की घटना

### हुआ था बड़ा भुगतान

इस मामले में एमएमआई द्वारा स्वाइन फ्लू के मामले में दस दिन इलाज के लिए खेमानी परिवार से आठ लाख रुपए बिल के रूप वसूला गया था। हालत में सुधार नहीं होने पर उनके द्वारा हैदराबाद ले जाने की सलाह देने और इसके लिए रेड एंबुलेंस फिर एयर एंबुलेंस के लिए 6.11 लाख रुपए का भुगतान कराया गया था। इतनी बड़ी रकम के भुगतान को भी जांच में शामिल किए जाने की चर्चा है।

## बिरगांव निगम ने सर्वे के बाद शासन से संसाधन बढ़ाने भेजा प्रस्ताव

# 243 कर्मियों, 40 ई-रिक्शा-20 साइकिल ट्राली से घरों और वार्डों से कचरा कलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिरगांव को पालिका से निगम का दर्जा देने के बाद भी सफाई कर्मियों की तादाद नहीं बढ़ाई गई है। अभी 40 वार्डों की सफाई 243 कर्मचारियों के भरोसे है। 32 कर्मचारी सिर्फ मुख्य मार्गों की सफाई में ही लगाए जाते हैं, इससे वार्डों का बुरा हाल है। सबसे ज्यादा अव्यवस्था निगम के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में है। इस तरह की स्थिति इसलिए भी है, चूंकि निगम द्वारा की गई कर्मचारियों और संसाधन की मांग अटकी है। इससे रावांभाठा वार्ड सहित घनी बसाहट के बीच सफाई का सिस्टम बिगड़ा है।

रायपुर निगम से सटे बिरगांव निगम में कई ऐसे इलाके हैं, जहां कर्मचारियों की कमी के कारण सफाई का हाल-बेहाल है। इसे देखते हुए सफाई कर्मियों की मांग अभी भी प्रक्रिया का हिस्सा बनी हुई है। इसका खामियाजा 40 वार्डों के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अव्यवस्था की स्थिति को देखते हुए निगम प्रशासन द्वारा अब हर वार्ड के लिए 8-8 सफाई कर्मचारियों की मांग शासन से प्रस्ताव के माध्यम से की गई है। इसके बाद भी अभी तक कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।

इससे लोगों को मिलने वाली सफाई की सुविधा भी प्रभावित हो रही है। निगम के वार्डों में सात ऐसे इलाके हैं, जहां पर कर्मचारी कम पहुंचने से नियमित सफाई प्रभावित होती है, जबकि ट्रांसपोर्ट नगर को निगम में जोड़ दिया गया है। इससे सफाई कर्मी और संसाधन की समस्या विकराल रूप लेने लगी है।

**फैक्ट फाइल**

- 243 सफाई कर्मी बिरगांव निगम में
- 32 कर्मचारी करते हैं तीन मार्गों की सफाई
- 211 कर्मियों के भरोसे निगम के 40 वार्ड
- 53 में सिर्फ 40 ई-रिक्शा उपयोगी
- 20 सायकिल ट्राली से महिलाएं ढो रही कचरा




### इस इलाके में सफाई प्रभावित

अभी सफाई को लेकर सबसे ज्यादा दिक्कत गाजी नगर, पुरानीबस्ती, मजदूर नगर सरोरा के साथ ही मेटल पार्क, बंजारी नगर और रावांभाठा में है। इस इलाके में सफाई प्रभावित होने की दूसरी वजह यह भी है कि इन क्षेत्रों में सड़कों और नालियों की स्थिति ठीक नहीं है। इसके कारण सफाई कर्मी कभी कभार जाते भी हैं, तो सफाई करने के बजाय खानापूर्ति करके लौट जाते हैं। इससे बस्तियों में फेंके गए कचरे का उठाव नियमित नहीं होता। वहीं कचरा कलेक्शन व डंपिंग पाइंट से कचरा उठाव के लिए ई-रिक्शा 53 मिले हैं। इनमें 8 पूरी तरह से कंडम तो 5 आए दिन मिस्त्री के पास ले जाना पड़ता है।

### नालियां जाम, बस्तियों में कचरा

सफाई व्यवस्था से जुड़े जिम्मेदारों ने बताया कि 243 कर्मचारी भी नियमित काम पर नहीं आते। इससे वार्डों में कर्मचारी कम पहुंचने से वे अधूरी सफाई करके लौट आते हैं। नालियों की सफाई ही नहीं होने से लोग परेशान हैं। वार्डों में खाली स्थानों पर फेंका जाने वाला कचरा भी कर्मचारी उठाने में कोताही करते हैं। इससे घनी आबादी के बीच लोग अव्यवस्था से त्रस्त है। इसे अभी तक जिम्मेदार दूर नहीं करवा पाए हैं। ई-रिक्शा केवल 40 ही चल रहे हैं। इससे वार्डों और औद्योगिक क्षेत्र से कचरा कलेक्शन करने वाली महिला कर्मियों को सायकिल ट्राली से डेढ से दो किलोमीटर कचरा ढोना पड़ रहा है।

### शासन को भेजा गया है प्रस्ताव

वार्डों के साथ ट्रांसपोर्ट नगर की सफाई के लिए कर्मियों और संसाधन की जरूरत को लेकर सर्वे कराने के बाद हर वार्ड में 8-8 कर्मचारी के लिहाज से 320 कर्मियों की मांग के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। मुख्य मार्गों और ट्रांसपोर्ट नगर की सफाई के लिए कर्मियों और संसाधन की कमी है।

- **मो.रियाज खान,** अध्यक्ष, स्वच्छता विभाग, नगर निगम बिरगांव

### तालमेल का अभाव

अधिकारियों और विभागीय अध्यक्षों के बीच में तालमेल का अभाव होने से लोगों की समस्याओं का समाधान समय पर नहीं होता है। सफाई की बेहतरी के लिए प्रॉपर प्लानिंग के तहत काम नहीं होने से संसाधन और कर्मियों का अभाव है। इसका खामियाजा प्रापर्टी टैक्स देने वाले लोगों को भुगतना पड़ता है।

- **ओमप्रकाश साहू,** नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम, बिरगांव

# एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में, विशेषज्ञों ने कहा- बहुत कठिन है डगर....

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य शासन द्वारा एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी माध्यम से कराने के फैसले पर विभिन्न प्रतिक्रिया आने का दौर शुरू हो गया है। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि अब तक अंग्रेजी माध्यम से होने वाली पढ़ाई का अनुवाद हिंदी में करना आसान नहीं होगा। इसके लिए विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। राज्य शासन ने वर्ष 2024-25 के प्रथम सत्र से डॉक्टरी की पढ़ाई की सुविधा हिंदी में उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। इसके लिए विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप आवश्यक पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए हैं। हरिभूमि ने इस फैसले पर चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों से उनकी राय जानने का प्रयास किया।

- इसी साल प्रथम सत्र में लागू करने राज्य शासन का निर्णय

### बाद में फायदेमंद

चिकित्सा शिक्षा संचालक **डॉ. यूएस पैंकरा** के मुताबिक एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में कराने शुरुआत में दिक्कत होगी। छात्रों के साथ शिक्षकों को भी इसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। हिंदी की भाषा क्लिष्ट होती है, जबकि अंग्रेजी की आसान, इसके अनुवाद में चुनौती का सामना करना होगा। इसके सिस्टम में शामिल होने के बाद चिकित्सा की पढ़ाई हिंदी में करना काफी फायदेमंद साबित होगा।

### थोड़ा समय लगेगा

पूर्व चिकित्सा शिक्षा संचालक तथा वरिष्ठ चिकित्सक **डॉ. विष्णु दत्त** के अनुसार इसमें थोड़ा वक्त लगेगा। ।

### भारत देश में संभव नहीं

आईएमए के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ चिकित्सक **डॉ. राकेश गुप्ता** ने कहा कि मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में करना भारत देश के लिए संभव नहीं है। पूर्व में मध्यप्रदेश में इसका प्रयोग नाकाम हो चुका है। सभी विषयों का हिंदी आसान काम नहीं है। चिकित्सा से संबंधित तमाम शोध इंग्लिश में होते हैं और इसमें भारत की अलग पहचान है। निकट भविष्य में इस योजना का पूरा होना संभव नहीं है।

### मर्ज समझने में आसानी

अभा. मेडिकल छात्रसंघ के अध्यक्ष डॉ. विनय वर्मा ने कहा कि इलाज के आने वाले मरीज अपनी समस्या हिंदी में बताते हैं। एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में होने से चिकित्सकों को उनका मर्ज समझने में आसानी होगी। रूस में दवाओं के नाम स्थानीय भाषा में लिखे होते हैं। हिंदी मीडियम के छात्रों के लिए पढ़ाई आसान होगी।

### आगे की पढ़ाई में दिक्कत

यूडीएफए के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी ने कहा कि एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी माध्यम से करना आसान होगा, मगर आगे की पढ़ाई चुनौतियों से भरी होगी। एमडी-एमएस अथवा एमसीएच की पढ़ाई हिंदी में करना संभव नहीं होगा। गंभीर बीमारियों के नाम अंग्रेजी में होते हैं, उन्हें हिंदी में कैसे लिखा जाएगा। दूसरी ओर एनएमसी द्वारा अलग से हिंदी बोर्ड का गठन नहीं किया गया है, जिससे इसका फायदा मिलना मुश्किल है।

**बिजनेस साइट**

# बालको मेडिकल सेंटर में वैश्विक कैंसर कॉन्क्लेव

- कैंसर उपचार को उत्कृष्ट बनाने उन्नत तकनीक का उपयोग

**रायपुर।** भारत के अग्रणी कैंसर देखभाल सुविधाओं में से एक बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) में वार्षिक छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर के कैंसर विशेषज्ञों के लिए लाइव सर्जिकल प्रदर्शन किया गया।

मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल के प्रमुख कैंसर विशेषज्ञों के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जटिल कैंसर सर्जरी के लिए कैंसर की उन्नत तकनीक ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) के उपयोग पर प्रकाश डाला गया। कॉन्क्लेव में 120 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया, जिससे अत्याधुनिक ऑन्कोलॉजी क्षेत्र में विचार साझा करने के लिए एक मंच तैयार हुआ। सम्मेलन में विशेषज्ञों ने माइक्रोसॉफ्ट होलोलेंस 2 ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) हेडसेट का उपयोग करके पैनक्रिएटिक एंड गैसट्रिक कैंसर के उन्नत तकनीक का प्रयोग करते हुए लाइव सर्जरी की। विशेषज्ञों ने प्री-ऑपरेटिव प्लानिंग और सर्जिकल सटीकता को बेहतर बनाने में इसके महत्व पर जोर दिया।

इस नवाचार से पैनक्रिएटिक कैंसर के जटिल सर्जरी करने के तरीके में तकनीकी बदलाव पर टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई के उप निदेशक और कैंसर सर्जरी प्रमुख डॉ. शैलेश वी. श्रीखंडे ने कहा कि पैनक्रिया टोड्यूओडेनेक्टॉमी (व्हिपल प्रक्रिया) का ऑपरेशन सबसे जटिल माना जाता है। जटिल शारीरिक संरचना को देखते हुए पैनक्रिएटिक की सर्जरी चुनौतीपूर्ण होती है। थ्री-डी होलोग्राफिक इमेजिंग तकनीक रोगियों के उपचार में महत्वपूर्ण है, जिससे उन्हें लंबी दूरी की यात्रा करने की आवश्यकता कम हो जाएगी।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई के गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल एवं हेपाटो-पैनक्रिएटो-बिलियरी सर्जन एवं प्रोफेसर मनीष भंडारे ने गैसट्रिक कैंसर मरीज का ऑपरेशन किया और लाइव सर्जरी के महत्व पर प्रकाश डाला। बालको मेडिकल सेंटर में कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. श्रवण नादकर्णी ने भारत में सर्जिकल परिणामों को बदलने में ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) की क्षमता पर जोर दिया। बालको मेडिकल सेंटर के सर्जिकल और क्लीनिकल ऑन्कोलॉजी के निदेशक डॉ. मौ रॉय ने कहा कि इस तकनीक का पश्चिम में बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया है और अब यह भारत में भी अपनी छाप छोड़ने लगी है।

### मील का पत्थर है यह आयोजन

बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने सम्मेलन के सफल शुभारंभ के अवसर पर कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सर्जन और ऑन्कोलॉजिस्ट के ऐसे समूह का बीएमसी में आना इस क्षेत्र में कैंसर देखभाल में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम लोगों के लिए किफायती, उच्च गुणवत्ता वाले उपचार विकल्प प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह आयोजन उस यात्रा में एक मील का पत्थर है।

## रेडक्रास की आजीवन सदस्यता लेने निजी अस्पतालों पर दबाव, आईएमए की आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेडक्रास सोसायटी की आजीवन सदस्यता लेने राजधानी समेत जिले के निजी नर्सिंग होम संचालकों पर दबाव डाला जा रहा है। इसके लिए उन्हें 25 हजार रुपए शुल्क जमा करने की हिदायत दी गई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस जबरिया दबाव की कड़ी आलोचना की है।

जानकारी के अनुसार इस मामले में जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नर्सिंग होम संचालकों की बैठक बुलाने की तैयारी की जा रही है। दस दिन पहले रेडक्रास सोसायटी के लिए एक ही दिन में 71 सदस्य बनाए गए थे जिसमें कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह भी शामिल थे। उस दौरान दावा किया गया था कि राज्य गठन के बाद भारतीय रेडक्रास सोसायटी की रायपुर इकाई के सबसे ज्यादा सदस्य इस बार बनाए गए हैं। इस दौरान सभी अधिकारियों को आजीवन सदस्यता लेने का आग्रह किया गया था। तर्क दिया गया था कि संस्था आपदा के समय जरूरतमंदों की मदद करती है और इसकी सदस्यता लेकर पुनीत कार्यों में सहयोग किया जा सकता है। निजी अस्पताल संचालकों पर इसकी आजीवन सदस्यता लेने का दवाब बनाया जा रहा है जो गलत है, आवश्यकता होने पर इस पर आपत्ति के लिए राज्यपाल से मुलाकात की जाएगी जो रेडक्रास सोसायटी के संरक्षक है।



- जमा करना होगा 25 हजार रुपए शुल्क

# सिद्धार्थ चौक से पुलिस लाइन तक लगा लंबा जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुलिस लाइन के पास शुक्रवार को जाम की स्थिति निर्मित रही। जाम की वजह ट्रैफिक सिग्नल बंद होना बताया जा रहा है। पुलिस लाइन चौक के पास सिग्नल बंद होने की वजह से वाहन चालक बेतरतीब तरीके से वाहन निकाल रहे थे, जिसके चलते इस मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हुई।

गौरतलब है कि गुरुवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान ट्रैफिक कंट्रोल करने ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी। इसके चलते गुरुवार देर शाम पुलिस लाइन चौक तथा नलघर चौक के पास के ट्रैफिक सिग्नल को बंद कर दिया गया था। पूरी रात ड्यूटी करने की वजह से शुक्रवार को सड़कों पर अन्य दिनों की अपेक्षा ट्रैफिक पुलिस की संख्या कम थी। इसके साथ जो ड्यूटी पर थे, उनकी ड्यूटी महादेव घाट रोड से लेकर विसर्जन कुंड तक लगाई गई थी। इसके कारण ट्रैफिक कंट्रोल करने गिनती के ट्रैफिक सिपाही चौराहों पर तैनात थे।

- पुलिस लाइन चौक के पास ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से बढ़ी परेशानी

### सुबह तक प्रमुख चौराहों पर जाम

गणेश प्रतिमा विसर्जन के कारण शहर के जयस्तंभ चौक से लेकर विवेकानंद आश्रम मार्ग पर वाहनों का दबाव था। इसके साथ ही पुरानी बस्ती, छोटापारा से सदरबाजार, कोतवाली जाने वाले मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। लाखेनगर चौक से महादेव घाट रोड पर सुबह 11 बजे तक जाम की स्थिति रही। इसके चलते सुबह स्कूल जाने वाले छात्रों को स्कूल जाने परेशानी का सामना करना पड़ा।

## मेडिशाइन हॉस्पिटल में निशुल्क परामर्श शिविर 26 को



**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह स्थित श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल में मरीजों के हित के लिए समय-समय पर निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 26 सितंबर को प्रातः 11 से 2 बजे तक एक विशेष शिविर आयोजित है, जहां दिमाग और रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी समस्याओं के लिए संपूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस शिविर में मरीजों को ओपीडी सेवाएं निशुल्क प्रदान की जाएंगी, साथ ही जांच पर 15%, दवाई पर 5%, और भर्ती पर 10% की छूट भी मिलेगी।

ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन डॉ. अक्षय बैद इस शिविर में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। शिविर में सिर और रीढ़ की हड्डी की चोट, ब्रेन और स्पाइन ट्यूमर, मिर्गी, बच्चों में बड़ा सिर, पार्किन्सन्स रोग, पीठ में फोड़ा, स्ट्रोक, लकवा, सियाटिका, स्लिप डिस्क, हाथ-पैर में दर्द, झुनझुनी, सिरदर्द और माइग्रेन, अल्जाइमर रोग जैसी बीमारियों के लिए चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

## ज्ञान गंगा शिक्षा अकादमी में पुस्तक मेला



**रायपुर।** समय के साथ तालमेल बनाए रखने और पुरानी पढ़ाई की आदत को बनाए रखने के लिए ज्ञान गंगा अकादमी ने संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित पुस्तक मेला दो दिनों के लिए 11 और 12 सितंबर को आयोजित किया। संस्कृति मंत्रालय ने इसमें भाग लेने के लिए भारत के शीर्ष स्कूलों का चयन किया।

पुस्तक मेला 11 सितंबर को छात्रों के लिए खुला, जहां उन्होंने अपनी पसंद की पुस्तकों के नाम उत्सुकता से नोट किए। 12 सितंबर को अभिभावकों को मेले में आमंत्रित किया गया, जिससे वे अपने बच्चों द्वारा चयनित पुस्तकों को व्यक्तिगत रूप से देख सकें। कक्षा तीसरी से 12वीं तक के छात्रों ने पुस्तक मेले में भाग लिया। संग्रह में प्रारंभिक गाइड, बच्चों की पुस्तकें, फैंटेसी, रहस्य, विज्ञान कथा, हॉरर, ऐतिहासिक कथा, रोमांचक कथा, जीवनी, बच्चों की साहित्य, आत्म-सहायता पुस्तकें, प्रेरणादायक मोटिवेशनल किताबें शामिल थीं।

- 'जब नागरिक पढ़ते हैं, देश आगे बढ़ता है' पीएम मोदी

यह देखना सच में खुशी की बात थी कि छात्रों ने अपनी लाइब्रेरी को भरने के लिए एक से अधिक किताबें चुनीं। मेले में आने वाले अभिभावकों में से कइयों ने अपने लिए कई किताबें खरीदीं। पुस्तक मेला कुल 5000 शीर्षकों के साथ 40 विभिन्न प्रकाशकों से था और सभी किताबों की सिफारिश सीबीएसई बोर्ड और आईसीएसई बोर्ड द्वारा की गई थी।



स्वामी जी- 93406-38884
स्पेशल ट्रेन/स्पेशल कोच
21 दिसंबर 2024
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति, कन्याकुमारी, मल्लिकार्जुन, रामेश्वरम, मदुरै-माँ मीनाक्षी देवी, श्री सुद्रेश्वर महादेव
स्लीपर- 18,500/- 3AC- 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
91111-11866
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024
14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024, 27 अप्रैल से 11 मई 2025
02 मई से 16 मई 2025
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 21 सितंबर 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



नई तकनीक सीखने ऑनलाइन ...

**कैंपस इवेंट**

## हिंदुस्तानी संग पाश्चात्य पद्धति को समझें, गहरा होगा संगीत



**रायपुर।** कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में हिंदुस्तानी और पाश्चात्य संगीत पद्धतियों पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. दीपक बेड़ेकर ने आधुनिक स्लाइड प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को दोनों पद्धतियों की गहराई से जानकारी दी। इस व्याख्यान के दौरान उत्तर भारत की भातखंडे और दक्षिण भारत की पलुस्कर स्वरलिपि पद्धतियों पर चर्चा की गई। साथ ही पाश्चात्य स्टाफ नोटेशन की गहन जानकारी प्रदान की गई। ट्रेबल क्लैफ और बास क्लैफ जैसे प्रतीकों की व्याख्या की गई, जिन्हें विद्यार्थी केवल ग्रीटिंग काड्र्स या अन्य स्थानों पर देखकर समझ नहीं पाते थे। इस विशेष सत्र में विद्यार्थियों ने इन प्रतीकों को गहराई से समझा।

### समझी संगीत की प्रतीकात्मक प्रणाली

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के सवालों का उत्तर देते हुए उनके संदेहों को दूर किया। यह सत्र करीब दो घंटे से अधिक समय तक चला, जिसमें विद्यार्थियों ने गहन रुचि और उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों ने कहा कि कार्यशाला के जरिए उन्हें प्रतीकात्मक प्रणाली समझ में आई और अब वे इसे अपने संगीत अभ्यास में प्रभावी रूप से प्रयोग कर सकेंगे। संगीत से जुड़ी अन्य विधाओं की जानकारी भी छात्रों को दी गई।

**लाइव इवेंट**

## स्थानीय लोगों को बनाएं गाइड इससे मिलेगा पर्यटन में लाभ



**रायपुर।** भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय एवं छग टूरिज्म बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय पर्यटन सर्वेक्षण एवं पर्यटन आंकड़े संकलन के संबंध में एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में पर्यटन विकास के लिए राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों, होटल, रिसॉर्ट एवं अन्य स्थलों में आने वाले घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों के डाटा कलेक्शन और टूरिज्म बोर्ड की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यशाला का आयोजन छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य और उप महाप्रबंधक संदीप ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। पर्यटन मंत्रालय नई दिल्ली से आए सहायक निदेशक अमित कुमार एवं ज्योति रंजन ने टूरिस्ट डाटा कलेक्शन की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया।

### एकीकृत सॉफ्टवेयर से जुड़ेंगे होटल

छग पर्यटन विभाग के सचिव अन्बलगन पी. ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य छग पर्यटन की ब्रांडिंग और पर्यटकों को समुचित जानकारी देना होना चाहिए। पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। इसके तहत स्थानीय लोगों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान करना, स्थानीय गाइड की नियुक्ति करना और पर्यटकों के साथ एक अच्छा संवाद स्थापित करना आवश्यक है, ताकि वे यहां से एक बेहतरीन अनुभव लेकर जाएं और भविष्य में दोबारा छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों पर आने की योजना बनाएं। पर्यटन बोर्ड के अंतर्गत आने वाले सभी होटलों को एकीकृत सॉफ्टवेयर से जोड़ने की योजना पर काम करने के निर्देश दिए गए।

**आराधना**

## दूसरों को जोड़ने वाली सुई भी खुद टूट जाती है तो हम क्यों नहीं?



**रायपुर।** जयानंद मुनि महाराज की पुण्यतिथि शुक्रवार को मनाई गई। वे दादाबाड़ी में चातुर्मास बिता रहे विनय कुशल मुनि के गुरु हैं। इस मौके पर समाजजनों ने सुबह प्रवचन के दौरान गुणानुवाद सभा का आयोजन किया। इसमें बताया गया कि कैसे जयसुख भाई जयानंद मुनि बने। उनके वैराग्य के बारे में बताते हुए विराग मुनि ने कहा, एक दिन उन्होंने सिलाई करने वाली सुई को टूटते हुए देखा। जयसुख भाई ने सोचा कि जो सुई जोड़ती है, वह स्वयं टूट गई। इसी तरह मन, वचन, काया के योग से विभिन्न द्रव्यों, पदार्थों से जुड़े हम लोगों को भी टूटना होगा। यहीं से उनके भीतर वैराग्य की चिंगारी उठी।

### 46 वर्षों तक आत्मकल्याण के लिए प्रोत्साहन

मुंबई में धर्मशीला दीवाली बाई और साध्वी कुसुमश्री के संपर्क में आने के बाद यह भाव ज्वाला बनकर फूटने लगे। इसके चलते उन्होंने विवाह का प्रस्ताव तो अस्वीकार किया ही, पिता के देहांत के बाद दीक्षा लेने की इच्छा भी जता दी। बुद्धि मुनि के सानिध्य में 12 महीने तक ज्ञानार्जन किया। गुरुवर ने उन्हें 26 साल की उम्र में भुजनगर की दादाबाड़ी में दीक्षा दी। पंच महाव्रतों को धारण कर जयसुख भाई जयानंद मुनि बन गए। सभा में श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट से नरेश बैदमुथा ने कहा कि गुरु जयानंद मुनि महाराज ने पंथ-परंपरा से दूर पूरे समाज को एक राह पर लाने की कोशिश की। 46 साल तक सकल जैन समाज को एकसूत्र में पिरोते हुए आत्मकल्याण के मार्ग में चलने के लिए प्रोत्साहित किया।

**शहर में बीते पांच सालों में 20 प्रतिशत बढ़ गए अल्जाइमर के मरीज, मनोचिकित्सकों ने असंतुलित जीवन शैली को बताया प्रमुख कारण**

# अल्जाइमर की समस्या बुजुर्गों के बाद अब 25 साल के युवाओं को भी ओपीडी में हर महीने कमजोर याददाश्त वाले 90 से अधिक मरीज

बदलती जीवनशैली और खानपान की वजह से राजधानी में प्रतिवर्ष अल्जाइमर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आमतौर पर चीजों को बार-बार भूलने की समस्या को लोग नजरअंदाज कर देते हैं, जो वास्तव में अल्जाइमर बीमारी के प्रमुख लक्षण है। विश्व अल्जाइमर दिवस के अवसर पर हरिभूमि ने शहर के मनोचिकित्सकों और विशेषज्ञों से बातचीत की। उनका कहना है कि बीते 5 सालों से याददाश्त कमजोर होने की शिकायत 25 साल से लेकर 50 साल के पुरुषों व महिलाओं में भी देखने को मिली है।



**रायपुर।** आमतौर पर यह बीमारी पहले 65 के बाद बुजुर्गों को होती थी, जो अब युवाओं में आम बात हो चुकी है। मनोचिकित्सक डॉ. मनोज साहू ने बताया कि अल्जाइमर अब आम बीमारी बन चुकी है। इसका मुख्य कारण असंतुलित जीवन शैली है। युवा वर्ग में अधिक व कम सोने के कारण भूलने की समस्या बनी हुई है। मेकाहारा में हर महीने 80 से 90 मरीज छोटी व बड़ी चीजों को भूलने की समस्या लेकर पहुंच रहे हैं। रोग के 10 के प्रमुख लक्षणों में लोगों में 5 लक्षण शुरुआती दौर में महसूस होने लगते हैं, लेकिन ज्यादातर लोग इसे सामान्य रूप में लेते हैं। लक्षणों को सामान्य रूप में लेने की वजह से जो मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं, उनकी समस्या अधिक बढ़ी हुई है।

**विश्व अल्जाइमर दिवस आज**



### 5 सालों 20 प्रतिशत तक बढ़े मरीज

शहर के मेकाहारा और एम्स से अल्जाइमर से जुड़े मरीजों की संख्या में बीते पांच सालों में 15 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। मनोचिकित्सक डॉ. श्वेता सिंघानिया के मुताबिक शहर में 65 से 80 उम्र के बुजुर्गों में यह समस्या 40 प्रतिशत तक है। वहीं 35 से 55 उम्र के लोगों को 30 प्रतिशत भूलने की समस्या है। 20 प्रतिशत युवा भी कम अथवा अधिक रूप में इस समस्या से पीड़ित है। वर्तमान में अल्जाइमर के हजारों मरीज का उपचार जारी है। मनोचिकित्सक के मुताबिक, एक मरीज को पूरी तरह से ठीक होने से सालभर से अधिक का समय लग रहा है। अल्जाइमर रोग एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है, जो मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाओं को नष्ट करता है। इसमें रोगी की शारीरिक और मानसिक स्थिति कमजोर हो जाती है, उसे कुछ भी याद नहीं रहता है, उसकी निर्णय लेने की क्षमता घट जाती है, स्वभाव में लगातार परिवर्तन होता रहता है।

### दौड़ से मस्तिष्क में नई कोशिकाओं का निर्माण

अल्जाइमर की समस्या अनियमित खान-पान और समय पर नहीं सोने की वजह से युवाओं को होने लगी है। मनोचिकित्सक का कहना है कि अल्जाइमर का खतरा मस्तिष्क में प्रोटीन की संरचना में गड़बड़ी होने के कारण बढ़ता है। इससे बचने के लिए सभी उम्र के लोगों को शारीरिक व मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखने की आवश्यकता है। नियमित जीवनशैली व सही आहार से 80 प्रतिशत यह बीमारी दूर रहेगी। पोषक तत्वों से भरपूर डाइट लें, ब्लड प्रेशर व शुगर नियंत्रित रखें। अल्जाइमर के मरीजों को स्वस्थ होने के लिए दौड़ करने की सलाह दी जा रही है। मनोचिकित्सक का कहना है कि कुछ दिनों की दौड़ से ही मस्तिष्क में नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। इससे मस्तिष्क की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। साथ ही आपकी याददाश्त पर भी सकारात्मक असर होता है। अल्जाइमर मरीजों के लिए अन्य व्यायाम की तुलना में दौड़ना सबसे अच्छा व्यायाम है।



### लक्षण के बाद भी रोग को समझने में देरी

*शहर के मनोचिकित्सक के मुताबिक देश में लाखों लोग अल्जाइमर के शिकार हो चुके हैं। सरकारी अस्पताल में 30 से अधिक मरीज युवा वर्ग है, जिनक स्मरण शक्ति कम होने लगी है। लोगों को यह बीमारी समझने में काफी समय लग रहा है। मनोचिकित्सक ने बताया कि ज्यादातर लोग साल भर तक याददाश्त कमजोर होने की बात को नजरअंदाज करते रहते हैं। इस वजह से यह बीमारी केवल वृद्धों तक ही सीमित नहीं रही है। इस रोग की चपेट में युवा भी आने लगे हैं। कम उम्र में ही सोचने की शक्ति कम होने लगी है। अनुवांशिक समस्या के साथ ही जीवनशैली व खानपान में अनियमितता इसकी मुख्य वजह है। इसमें मरीजों की स्मरण शक्ति कम होना, परिचित कार्य करने में कठिनाई, समय-स्थान भुलना, चीजों को याद रखने में समस्या, चित्रों और स्थानीय संबंधों से परेशानी, व्यवहार में परिवर्तन आदि मुख्य वजह है। समय पर इलाज ना मिलने से बीमारी काफी बढ़ जाती है।*

रविवि का 61वां स्थापना दिवस, बीते एक साल में 16 करोड़ के प्रोजेक्ट

## स्टूडेंट्स के लिए रविवि ने अपलोड किए 379 वीडियो लेक्चर, कौशल क्लब भी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि का 61वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया। राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में इसमें शामिल हुए। कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने कहा, विवि ने बीते सालभर के भीतर 16 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट प्राप्त किए हैं। चार मेगा प्रोजेक्ट पर निरंतर कार्य चल रहा है। विगत दिनों भारतीय ज्ञान प्रणाली के लिए समर्पित केंद्र की स्थापना की गई है तथा छात्रों के कौशल विकास के लिए अनेक कोर्स, क्लब एवं सेंटर इस सत्र से संचालित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि छात्रों के लिए 379 वीडियो लेक्चर विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए हैं। विकसित भारत-2047 पर केंद्रित एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। छात्रों में कौशल विकास, सूचना प्रौद्योगिकी तथा एआई पाठ्यक्रमों के साथ एकीकरण करके नवाचार को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है। रविवि को देश के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में स्थान दिलाने के



लिए भी कोशिश की जा रही है। पूर्वोत्तर पर्वतीय केंद्रीय विवि मेघालय के कुलपति प्रो.पीएस शुक्ला ने छग राज्य के विकास में रविवि के योगदान की चर्चा करते हुए जनजातीय बाहुल्य राज्य की प्रकृति और संस्कृति की सराहना की। उन्होंने 'नेहू' एमओयू की चर्चा करते हुए कहा कि इससे छात्रों तथा संकाय सदस्यों के लिए शोध, शिक्षा के नए द्वार खुलेंगे तथा संस्कृति एवं ज्ञान का आदान-प्रदान संभव हो सकेगा। संकाय सदस्य संयुक्त शोध परियोजनाओं पर कार्य कर सकेंगे।

### सरकार को सुझाव दें छात्र

राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका ने कहा, छात्र अपनी भाषा, संस्कृति के संरक्षण के लिए कार्य करें तथा गर्व महसूस करें। उनके प्रत्येक कार्य में मानवता की झलक मिलनी चाहिए। यह हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा बने। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, छात्र राजधानी के विकास एवं भविष्य के लिए शोध करें। समस्याओं के निपटान के लिए सरकार को सुझाव दें। उन्होंने देश–विदेश में रह रहे भूतपूर्व छात्रें के सम्मेलन बुलाए जाने का सुझाव देते हुए छात्र एवं शिक्षक कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण पर जोर दिया।

## रिटायर्ड जज सुनाएंगे संगीतमय रामकथा

**रायपुर।** समता कॉलोनी में मैक कॉलेज ऑडिटोरियम में सर्व सनातन समाज के संयोजकत्व में लोगों को पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश और रामकथा वाचक अरुण कुमार से संगीतमय श्रीरामचरित मानस कथा सुनने का अवसर मिलेगा। माता कौशल्या की जन्म स्थली रायपुर में कथा मर्मज्ञ अरुण कुमार का पहली बार आगमन होने वाला है। कथावाचक को भारत में संगीतमय रामकथा के लिए जाना जाता हैं। ओरछाधीश रामराजा सरकार मंदिर के उन्नयन में भी कथावाचक की अहम भूमिका रही है। अब 22 सितंबर से रामकथा का अवसर श्रोताओं को मिलेगा। पत्रकार वार्ता में ललित सिंघानिया व रणवीर सिंह बघेल ने बताया कि समाज में एकजुटता और भारतीय परंपराओं को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की जरूरत है। इसे देखते हुए सर्व सनातन समाज के प्रयास से रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। आगामी रविवार को महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में अपराह्न 3:30 से शाम 7 बजे तक रामकथा होगी। इसमें रामराजा सरकार मंदिर ओरछा के कलाकारों संग वाराणसी, छतरपुर के भजन गायकों की सुमधुर प्रस्तुति होगी।



**राइजिंग भारत 2024 : शामिल हुए उद्यमी, विद्यार्थियों को सफल व्यवसाय के मिले टिप्स**

## टीम वर्क करें, सोशल मीडिया का इस्तेमाल हो कॅरियर के लिए

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और यंग इंडियंस (वीआई) की पहल पर शुक्रवार को पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में युवा उत्सव 3.0 का आयोजन किया गया। इसमें शामिल होने के लिए विभिन्न स्कूल, कॉलेजों के करीब दो हजार युवा सुबह 10 बजे से ही पहुंचने लगे थे। विभिन्न विषयों पर सफल उद्यमियों से संवाद का दौर शाम 5 बजे तक चला। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी इसमें शामिल हुए। उन्होंने युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण की दिशा में बेहतर काम करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि नौकरी खोजने की बजाय नौकरी देने वाले बनेंगे तो इससे प्रदेश का विकास होगा। इसके लिए युवाओं को संकल्प लेना चाहिए। इससे राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी भी बढ़ेगी।





### खुद की सुनें और भरोसा करें

कैफे संस्थापक अलीना आलम ने मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक उद्यमिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक उद्यमिता के सफर को साझा करके आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं को सामाजिक बदलाव की दिशा में काम करने और चुनौतियों को अवसर में बदलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, मैंने काम को किस तरह से ईमानदारी से किया और आगे बढ़ाया, यह मायने नहीं रखता है, बल्कि मेरे साथ जुड़े लोगों के संघर्ष ने जो प्रेरणा दी, उससे कठिन दौर में मुझे आगे बढ़ने के लिए हिम्मत मिली। खुद की सुनें और भरोसा करें।

### नए विचारों पर करें कार्य

छग राज्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष पंकज शारदा ने स्वागत भाषण दिया। यंग इंडियंस रायपुर चैप्टर की अध्यक्ष अनुजा भंडारी ने नए प्रोडक्ट के लिए आयडिया और कंटेंट पर काम करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बिना किसी खर्च व लागत के भी खुद की पहचान बना सकते हैं। लोकल रूट ग्लोबल इंपैक्ट विषय पर पैनल चर्चा की गई। संचालन यंग इंडियंस के गौरव अग्रवाल ने किया। प्रशांत केशरवानी, ध्रुव गोयल और सोमेश शर्मा जैसे वक्ताओं ने युवाओं के बीच अपने जीवन संघर्ष से जुड़ी बातें साझा की।

### स्टैंडअप कॉमेडियन ने हंसाया

फॉलोअर्स टू फॉर्च्यून विषय पर एक पैनल चर्चा की गई। इसका संचालन पलेश खंडेलवाल ने किया। पैनल में मिलेंद्र चौधरी, योगेश अग्रवाल और शशक्त अमरेव जैसे सफल सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने सोशल मीडिया को कॅरियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं स्टैंडअप कॉमेडियन विवेक सामतानी ने अपने कॉमेडी से युवाओं हंसा-हंसाकर लोटपोट किया। युवा उनके जोक पर देर तक ठहाके लगाते रहे।

## इवेंट लाइव

# कैडेट्स ने सीखे सैनिकों के गुर, मैप रीडिंग में रमा मन



**रायपुर।** 27वें छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को किया गया। कर्नल सौरभ कुमार एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप नायर ने 350 कैडेट्स को प्रशिक्षण प्रदान किया। समापन अवसर पर एनसीसी कैडेट द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर सागर शर्मा ने बताया, संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। जिसमें प्रतिभागियों को सैन्य प्रशिक्षण, सैन्य जीवन परिचय और व्यक्तित्व विकास की जानकारी दी गई। साथ ही रोजाना ड्रिल प्रशिक्षण, हथियार प्रशिक्षण, फील्ड क्रॉफ्ट एंड बैटल क्रॉफ्ट, फायरिंग, मैप रीडिंग, जजिंग डिस्टेंस, मैप टू ग्राउंड, ग्राउंड टू मैप व एसएलआर रायफल प्रशिक्षण दिया गया। मैप रीडिंग जैसी विधाओं में छात्रों की अधिक दिलचस्पी रही।

### छात्रों का सामूहिक सूर्य नमस्कार

शिविर को दौरान वॉलीवॉबॉल, रस्साकस्सी, क्विज प्रतियोगिता,और खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विजेता कैडेट्स को अंतिम दिवस पर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिविर में सैनिकों को दिया जाने वाला प्रशिक्षण सीनियर डिविजन, सीनियर विंग, जूनियर डिविजन एवं जूनियर विंग के कैडेट्स को दिया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर मुख्य आकर्षण का केंद्र सूर्य नमस्कार रहा। एनसीसी कैडेट्स को योगासन का भी प्रशिक्षण दिया गया।

## सिटी लाइव

# ऑटो डीलर्स ने जाना, कैसा है उनका स्वास्थ्य, मिले सेहतमंद रहने के टिप्स



**रायपुर।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (फाडा) द्वारा संपूर्ण देश में "ऑटो डीलर्स डे" मनाया जाता है। इसके अंतर्गत रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) एवं फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में 19 से 24 सितंबर तक हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर भी इसके साथ ही लगाए जा रहे हैं। विभिन्न डीलरशिप में ये कैंप लगाए जा रहे हैं। हेल्थ कैंप की इस कड़ी की शुरुआत विश्व भारती ऑटोमोबाइल मोवा से हुई। जिसके तहत मोवा में स्थित आस-पास के सभी डीलरशिप के कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप कराया गया।

### जरूरी है कर्मचारियों का स्वस्थ रहना

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ फाड़ा के प्रदेश अध्यक्ष विवेक गर्ग, राडा के सचिव कैलाश खेमानी एवं विश्व भारती के यशवंत अग्रवाल व अवनि टीवीएस से हिमांशु गंगवानी मौजूद रहे। राडा सचिव ने कहा, फेडरेशन अपने डीलर व उनके कर्मचारियों के लिए समय-समय पर विभिन कार्यक्रमों का आयोजन करते आया है। इसके तहत इस वर्ष "ऑटो डीलर्स डे" पर ये आयोजन किए गए। इस आयोजन का उद्देश्य डीलर कर्मचारियों के सेहत का ध्यान रखते हुए उन्हें स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से अवगत कराकर उचित चिकित्सा प्रदान करना है।

## कैंपस इवेंट

# लोग का जीवन यापन होता है उनकी मानसिकता पर निर्भर



**रायपुर।** महंत कॉलेज में वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय द्वारा उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वावलंबन की ओर बढ़ता भारत विषय पर अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत समन्वयक जगदीश पटेल रहे। उन्होंने भारत को दो परिदृश्य में समझाया, पहले जब हम स्वतंत्र हुए थे तो भारत की स्थिति क्या थी एवं वर्तमान में भारत किस स्थिति में है? पहले परिदृश्य में उन्होंने भारत को वैभवशाली, समृद्धिशाली बताया क्योंकि तत्कालिक समय में मूल अवधारणा उत्तम खेती, मध्यम व्यवसाय एवं निम्न नौकरी थी।

### अध्ययन के साथ ही व्यवसाय

उन्होंने कहा, लोग कैसे जीवन यापन करते हैं, यह उनकी मानसिकता पर निर्भर करता है। भारत में करोड़ों युवा हैं, जिन्हें रोजगार की जरूरत है। इन सभी युवाओं को उद्यमिता के लिए रणनीति बनाकर कार्य निष्पादन करना होगा। उन्होंने स्वालंबी भारत के सपने को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण संकल्प लिए जाने पर जोर दिया। इस दौरान महाविद्यालय के बीकॉम के दो विद्यार्थियों दामिनी एवं साकेत त्रिपाठी को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अध्ययनरत होते हुए भी जीविकोपार्जन प्रारंभ कर दिया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी, प्रो.शांतनु पाल, प्रो.ललित मोहन वर्मा, प्रो. अनुपमा जैन सहित अन्य प्राध्यापक और छात्र इसका हिस्सा बने।

## जूडो प्रतियोगिता की शानदार शुरुआत... मैच से पहले ही खिलाड़ियों का उत्साह छलका

# नई तकनीक सीखने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की सहायता, योग के जरिए मानसिक शांति

**सीबीएसई द्वारा आयोजित की जाने वाली ईस्ट जोन जूडो प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ शुक्रवार से हो गया। रायपुर को इस बार स्पर्धा की मेजबानी मिली है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता कबीर नगर स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित है। सीबीएसई द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 11 राज्यों से खिलाड़ी शामिल हुए। इसमें 300 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है।**



**रायपुर।** प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ द्वारा 20 निर्णायकों की टेक्निकल टीम तैयार की गई है। जिसे के.किशोर द्वारा लीड किया जा रहा। विद्यालय के प्राचार्य विनोद पांडे ने बताया, इसका समापन 22 सितंबर को किया जाएगा। इसके पहले स्पर्धा की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ की गई, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। प्रतियोगिता की शुरुआत होते ही खिलाड़ियों ने अपने शानदार टेक्निक्स की प्रस्तुति दी। जिसमें अपने विपक्षी खिलाड़ी को हराकर विजेता बने। खेल की शुरुआत होने से पहले कई खिलाड़ी चिंता में नजर आए। लेकिन मेट में पहुंचने के साथ बिना डर के विपक्ष का सामना करते नजर आए। इस दौरान 5 साल के खिलाड़ियों की मौजूदगी भी बनी रही। बच्चों को प्रोत्साहित करने माता-पिता भी मैच के दौरान उपस्थित रहे। हरिभूमि से बातचीत में खिलाड़ियों ने अपनी डाइट, प्रैक्टिस सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की।

### मैच खेलने से पहले मानसिक तैयारी



**बंगाल से आए शुहत्रों दास ने कहा,** कक्षा पहली से जूडो खेलने का मौका मिला, शुरुआती दिनों में थोड़ी समस्या आई। लेकिन वक्त के साथ जूडो से लगाव बढ़ता चला गया। वर्तमान में ओलंपिक में जाकर देश के लिए गोल्ड मेडल जीतने की इच्छा है। 12 साल से लगातार जूडो खेलने का मौका मिला, जिसके लिए माता-पिता ने प्रोत्साहित किया। अब तक 13-14 मेडल जीत चुका हुं। मैच खेलने से पहले मानसिक रुप से तैयार होना पड़ता है, जिसका असर खेल पर नजर आता है। कोच की ट्रेनिंग के अलावा डाइट व फिटनेस का ध्यान खिलाड़ियों को रखना होता है, जिसका कारण उनका वजन होता है। निंरतर जूडो के साथ जुड़े रहने के लिए कॉमर्स विषय का चयन किया, ताकि अधिक से अधिक वक्त जूडो को मिले।

### टेक्निक और फोकस बनाए रखना जरूरी



असम से आए दीप ज्योति साईकिया ने कहा, बीते एक साल में सीबीएससी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में दूसरी बार शामिल होने का मौका मिला। जूडो खेलने के लिए टेक्निक और फोकस बनाए रखना बहुत जरुरी होता है, जिससे विपक्ष की अगली चाल को समझा जा सकता है। प्रतियोगिता में शामिल होने से पहले रोजाना सुबह 4:30 से 6 और शाम 4 से 6 बजे तक जूडो की प्रैक्टिस नियमित रूप से की, जिसमें विपक्ष को हराने की नई टेक्निक और शरीर की तंदुरुस्ती पर जोर दिया गया। एक साल पहले बड़े भाई को देखकर जूडो खेलने की इच्छा हुई।

### यू-ट्यूब से सीखे जूडो के बेसिक



**ओडिशा की ही आकांक्षा तिवारी ने कहा,** स्कूल कोच के कहने पर जूडो में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता की तैयारी के लिए घर पर मौजूद पंचिंग बैग के साथ प्रेक्टिस किया। वही यू-ट्यूब के माध्यम से रोजाना नया टेक्निक सिखने का प्रयास जारी रहा। भविष्य में ऑलंपिक में देश के लिए खेलने की इच्छा है, जिसके लिए बीते वर्ष से बॉक्सिंग की तैयारी शुरु करुंगी। प्रतियोगिता के लिए एक्साइडेट हू, स्पर्धा में जीतने व हारने का डर नहीं है। इसे केवल मनोरंजन के माध्यम से खेल रही।

### पहले लगाते हैं ध्यान



ओडिशा से आई ट्विंकल ने कहा, प्रतियोगिता में जीतना व हारना खेल का हिस्सा है, लेकिन स्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन हमारे खेल पर निर्भर करता है। यह कहना मेरे कोच का है। यह मेरा पहला मैच है। जिसके कारण थोड़ा तनाव है। खेल से पहले प्रशिक्षक और परिजनों ने उत्साहवर्धन किया। मैं रोजाना खेल से पहले ध्यान व व्यायाम जरुरी करती हूं। जिससे मानसिक रुप से तनाव मुक्त रहने में मदद मिलती है।

### विपक्ष की चाल का समझने का हुनर



रायपुर के खिलाड़ी भी इस स्पर्धा में अपना दमखम दिखा रहे हैं। राजधानी के सार्थक लोधी ने कहा, यह मेरा पहला मैच है, जिसके लिए मैं बहुत एक्साइटेड हूं। कक्षा चौथी से ही जूडो खेलने की इच्छा रही, लेकिन उस वक्त कम उम्र होने के कारण पांचवीं कक्षा में खेलने का अवसर मिला। प्रतियोगिता से एक-दो माह पहले टेक्निक्स के साथ तैयारी कराई गई, जिसमें अपने विपक्ष की अगली चाल को समझकर बचने का हुनर सिखाया गया।

### खिलाड़ी के लिए फिटनेस जरुरी



रायपुर के ही अर्नव मुद्गल ने कहा, यह मेरा पहला मैच है। एक साल पहले बड़ी बहन को सिखता देख जूडो क्लास में एडमिशन लिया। प्रतियोगिता के दौरान जल्दबाजी के कारण गलतियां होने का डर रहता है, जिसके लिए मन को शांत रखने की जरुरत होती है। रोजाना फिटनेस पर ध्यान देने से खेल के दौरान तनाव कम रहता है।

# जम्बूरी में जुटेंगे देशभर के स्काउट-गाइड साझा करेंगे अपनी सांस्कृतिक विरासत

## प्रत्येक चार वर्ष में राष्ट्रीय स्तर पर होती है स्काउट-गाइड जम्बूरी

**रायपुर।** भारत में राष्ट्रीय स्तर पर स्काउट-गाइड जम्बूरी हर चार साल में आयोजित की जाती है। राष्ट्रीय एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए इसका आयोजन किया जाता है। इस बार 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी 7 नवंबर 2024 से 7 नवंबर 2025 तक आयोजित की जाएगी। शुरुआत तमिलनाडु राज्य में हीरक जयंती जंबूरी के उद्घाटन के साथ होगी। इसके अंतर्गत अन्य इवेंट छग में होंगे। राष्ट्रीय स्तर की इस जंबूरी में देशभर से 40 हजार से अधिक युवा शामिल होंगे। शुक्रवार को प्रेसक्लब में आयोजित प्रेसवार्ता



में सांसद बृजमोहन अग्रवाल और भारत स्काउट और गाइड के नेशनल चीफ कमिश्नर डॉ.केके खंडेलवाल ने इससे जुड़ी जानकारी साझा की।

### होती हैं कई तरह की स्पर्धाएं

स्काउट-गाइड जम्बूरी के अंतर्गत कई तरह की स्पर्धाएं होती हैं। जीवंत सांस्कृतिक आदान-प्रदान में प्रतिभागी शामिल होते हैं। जम्बूरी के दौरान स्काउट-गाइड विभिन्न राज्य के साथियों के साथ एक टेंट में रहते हैं और सभ्यताओं का आदान-प्रदान करते हैं। लोक नृत्य, लोक गीत, पदयात्रा सहित कई तरह के आयोजन इसके अंतर्गत होंगे।

## नवंबर से प्रारंभ होकर वर्षभर चलेगी 'जम्बूरी', समापन 2025 में



राज्यपाल रमेन डेका से शुक्रवार को राजभवन में भारत स्काउट एवं गाइड नई दिल्ली के राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त केके खंडेलवाल ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने स्काउट एवं गाइड की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत स्काउट एवं गाइड की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर छत्तीसगढ़ में वर्ष 2025 में राष्ट्रीय जम्बूरी का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए राज्य शासन द्वारा स्वीकृति दी गई है। राज्यपाल ने इस आयोजन के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्काउट गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, भारत स्काउट गाइड नई दिल्ली के संचालक अमर छत्रीय, छत्तीसगढ़ स्काउट गाइड के राज्य सचिव कैलाश सोनी और सुभाष चंद्र उपस्थित थे।



# नातिया मुशायरा : देशभर से पहुंचे शायर, पैगंबर की शान में पढ़ी नज्म



**रायपुर।** सीरत मैदान में शुक्रवार रात ऑल इंडिया नातिया मुशायरा रखा गया। नातिया मुशायरा सुनने शहरभर से लोग पहुंचे रहे। रात 10 बजे प्रारंभ हुआ नातिया मुशायरा मध्यरात्रि बाद तक चला। इसमें बिहार से महबूब गौहर इस्लामपुरी, जौहर मुजफ्फरपुरी, साजिद रजा साजिद, कोलकाता के शहबाज रजा नूरी और कैशर जबलपुरी ने मुशायरे पेश किए। इनके अलावा रायपुर के डॉ. जहीर रहबर, रमजान अख्तर और युसूफ अशरफी ने भी पैगंबर की इबादत में मुशायरे पढ़े। उन्हें सुनने के लिए देर रात तक लोग डटे रहे। शहर सीरतुन्नबी कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मुख्तार अशरफी ने बताया, नातिया मुशायरा में सिर्फ पैगंबर साहब की शान में मुशायरे पेश किए जाते हैं। देशभर में अपने मुशायरों के लिए प्रसिद्ध शायर पहुंचे रहे। उन्होंने अपने प्रसिद्ध मुशायरे इस दौरान पेश किए।

### महिलाओं और बच्चों के लिए स्पर्धाएं

21 सितंबर को महिलाओं के लिए और 22 सितंबर को बच्चों के लिए नातिया और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर ये आयोजन किए जा रहे हैं। सभी महिलाएं और बच्चे इस स्पर्धा में शामिल हो सकते हैं। ये स्पर्धाएं भी सीरत मैदान में ही होंगी।

## नवरात्रि 3 अक्टूबर से... राजधानी के प्रमुख मंदिरों में तैयारियों का दौर हुआ तेज

# कहीं घी तो कहीं मात्र तेल के ज्योति कलश, महामाया में 11 हजार, रावांभाठा में 10 हजार ज्योति होगी प्रज्ज्वलित

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** नवरात्रि के लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्र में स्थित देवी मंदिरों में तैयारी का दौर तेज होने लगा है। देवी धाम नवरात्र के लिए जहां सज रहे हैं, वहीं ज्योति कलश कक्ष में घट स्थापना की तैयारी के लिए भी प्रबंधन ने लोगों को जिम्मेदारी दी है। इससे जहां एक तरफ रंगाई-पोताई का सिलसिला चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ रंगीन लाइटों से भी मंदिर को सजाने की तैयारी चल रही है। इस बीच हर साल की तरह मनोकामना ज्योति जलवाने के लिए लोगों का मंदिरों में पंजीयन के लिए आना-जाना शुरू हो गया है। ज्योति का शुल्क देने के साथ रसीद भी ले रहे हैं। इसमें दर्ज नंबर के आधार पर ज्योति कलश स्थापना में पूजा का अवसर लोगों को मिलेगा। हर मंदिर में ज्योति कलश को लेकर अपनी व्यवस्था भी तय की गई है। इसके अनुसार ही कलश स्थापना सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। घी में मिलावट को देखते हुए कई मंदिरों में मात्र तेल के ज्योति कलश ही जलाए जा रहे हैं। कई मंदिरों में घी और तेल दोनों के ज्योति कलश जलाए जा रहे हैं। इनका पंजीयन शुल्क पृथक-पृथक तय किया गया है।





### बंजारी धाम में जलेंगे 10 हजार ज्योति कलश, कंकाली मंदिर में भी तैयारी शुरू

*रावांभाठा बंजारी धाम में हर साल हजारों लोग मनोकामना ज्योति जलवाते हैं। पंजीयन को लेकर हेमराज कुर्रे ने बताया, इस बार करीब 10 हजार कलश स्थापना के लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। अभी तक प्रदेश सहित दूसरे राज्यों व शहरों में रहने वाले 2 हजार से ज्यादा लोगों ने माता के दरबार में मनोकामना ज्योति के लिए पंजीयन कराया है है। इस बार तेल ज्योति ही जलेगी। इसके लिए 8 सौ रूपए शुल्क तय किया गया है। कंकाली मंदिर और पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित बंजारी मंदिर में भी ज्योति कलश के लिए तैयारियों का दौर तेज हो गया है। यहां भी पंजीयन प्रारंभ हो गया है।*

### काली मंदिर में 3500, दंतेश्वरी मंदिर में 1500 ज्योति कलश

पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर में तीन अक्टूबर को शुरू होने वाले नवरात्रि का स्वागत करने के लिए अभी से रंगाई-पोताई होने लगी है। इस बार मंदिर में तेल ज्योत के लिए 7 सौ रुपए शुल्क तय है। यहां 10 हजार से अधिक ज्योति कलश जलाए जाएंगे। वहीं दंतेश्वरी मंदिर के ट्रस्ट मेंबर मोहन यादव ने बताया कि इस बार 15 सौ ज्योत कलश के लिए व्यवस्था की गई है। आकाशवाणी चौक स्थित मां महाकाली मंदिर में इस बार 3500 कलश स्थापना के लिए इंतजाम किया गया है। डीके दुबे ने बताया कि तेल और घी के ज्योति इस बार भी जलवाने के लिए लोग रसीद कटवा रहे हैं। 200 से भी ज्यादा लोगों ने बुकिंग करवा ली है। शीतला माता मंदिर में भी तैयारी शुरू हो गई है।

### अन्य मंदिरों में भी पंजीयन प्रारंभ

शहर के मुख्य देवी मंदिरों के साथ ही अन्य देवालयों में भी ज्योति कलश स्थापित किए जाते हैं। हालांकि यहां देवी मंदिरों की तुलना में कम संख्या में ज्योति कलश जलाए जाते हैं। यहां भी पंजीयन सहित अन्य तैयारियां शुरू हो गई हैं। चूड़ी लाइन स्थित शनिदेव मंदिर में भी पंजीयन प्रारंभ हो गया है। पुरोहित रोहित शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य पर भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने के लिए नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की जा रही है। इसका पंजीयन भक्तगण मंदिर परिसर पर करा सकते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट में छत्तीसगढ़ टीम की 4 विकेट से जीत




**रायपुर।** महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा एमसी वुमेंस अंडर-19 इंटर स्टेट टी-20 क्रिकेट टुर्नामेंट का आयोजन 17 सितंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का मैच शुक्रवार को पुणे में महाराष्ट्र अंडर 19 टीम के विरुद्ध खेला गया। महाराष्ट्र वुमेंस अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। महाराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 135 रन बनाए। महाराष्ट्र की ओर से सुहानी ने सर्वाधिक 54 रन बनाये। साथ ही ईशा ने 46 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से चांदनी कुमारी ने 3 विकेट, ऋषिका एवं शांति ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ वुमेंस अंडर-19 की टीम 19.3 ओवरों में 6 विकेट खोकर 136 रन बनाकर 4 विकेट से विजयी हुयी। छत्तीसगढ़ की ओर से नाजिया ने सर्वाधिक 58 रनों योगदान दिया। साथ ही महक नरवसे ने 31 गेंदों में 46 रनों की नाबाद एवं महत्वपूर्ण पारी खेली। वही महाराष्ट्र की ओर से श्रुति तथा आंचल ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने 4 विकेट से मैच जीत लिया। महक प्लेयर ऑफ द मैच रहीं।

### खेल के माध्यम से रेलवे ने दिया स्वच्छता जागरुकता का संदेश



**रायपुर।** भारतीय रेलवे द्वारा इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता' थीम के साथ 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। जिसमें 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित इस 'स्वच्छता ही सेवा' 2024 अभियान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के सभी स्टेशनों, रेलवे परिसरों, पटरियों, कार्य क्षेत्रों तथा गाडियों में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान के चौथे दिन सेक्रेसा ग्राउंड डब्लूआरएस कॉलोनी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वच्छता के महत्व को समझाना था। शुक्रवार को खो खो खेल प्रतियोगिताओं और अन्य खेलों को शामिल किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं अपनी फिटनेस और कौशल का प्रदर्शन किया । इन खेलों के माध्यम से स्वच्छता से संबंधित संदेशों को सरल और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया, ताकि छात्र-छात्राएं स्वच्छता के महत्व को खेल-खेल में समझ सकें। इसके अलावा मंडल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) राहुल गर्ग की उपस्थिति में रेलवे कर्मचारी उनके बच्चों ने अधिकाधिक संख्या में भाग लिया । कार्यक्रम के दौरान सभी को स्वच्छता बनाए रखने के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी गई । साथ ही उन्हे बताया गया कि कैसे छोटी-छोटी आदतें, जैसे कूड़े को कूड़ेदान में डालना, हाथ धोना और अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखना, हमारे समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बना सकती है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के पांचवे दिन 21 सितम्बर को एक पेड़ माँ के नाम थीम पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

### ऑनलाइन शतरंज प्रशिक्षण में शामिल हुए कॉलेज स्टूडेंट





**रायपुर।** जिला शतरंज संघ एवं नाइट चेस क्लब पिथौरा के संयुक्त तत्वावधान में महासमुंद–बलौदा सेक्टर के महाविद्यालयीन छात्र – छात्राओं के लिए 10 दिवसीय ऑनलाइन शतरंज प्रशिक्षण का कार्यक्रम रखा गया था। शतरंज प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर कार्यक्रम के सूत्रधार हेमंत खुटे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण से खेल निखरता है। प्रशिक्षण के जरिए हम खेल को बेहतर बना सकते है। शतरंज प्रशिक्षण खिलाड़ियों को लंबे समय तक अपना ध्यान और एकाग्रता बनाए रखने में मदद करता है। बागबाहरा कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी पालन दीवान ने कहा कि हेमंत खुटे के मार्गदर्शन में विगत 2 सालों से हमारे महाविद्यालय में सेक्टर लेवल की स्पर्धाएं हो रही है। उनके विशेष पहल से पहली बार चयनित खिलाड़ियों को स्पर्धा में जाने से पहले शतरंज का निशुल्क विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने विश्वास जताया कि पहले की तुलना में इस बार खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। प्रशिक्षण के दरमियान मुख्य रूप से ओपनिंग, मिडिल गेम, एंड गेम, पजल, मेटिंग थ्रेट, इलीगल मूव के प्रकार, अंतरराष्ट्रीय नियमों की जानकारी, चेस क्लॉक का उपयोग, वर्ग का नियम, टेक्टिस, फोर्स मूव, नाइट फोर्क आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी चेस ट्रेनर्स रोहित यादव (रायपुर) रॉकी देवांगन (दुर्ग) व ईश्वर नेताम (रायगढ़) द्वारा दी गई। प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क था।

---

अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर आप पा सकते हैं सकारात्मक परिणाम

# मस्तिष्क को समय से पहले बूढ़ा होने से बचाएं कोशिश करेंगे तो आपको जरूरी मिलेगी सफलता

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विशेषज्ञ सभी लोगों को स्वस्थ और पौष्टिक आहार के सेवन के साथ रोजाना रात में 6-8 घंटे की नींद पूरी करने की सलाह दी है। अच्छी नींद शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए जरूरी है। शोधकर्ताओं ने बताया, जिन लोगों के रात की नींद पूरी नहीं होती है उनमें ब्लड प्रेशर के साथ कई प्रकार की अन्य क्रोनिक बीमारियों के विकसित होने का खतरा रहता है। सोना हमारी सेहत के लिए कितना जरूरी है इसको लेकर किए गए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों की टीम ने बड़ा दावा किया है। शोधकर्ताओं ने बताया, अच्छी नींद हमारे दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए भी बहुत आवश्यक है। नींद, मस्तिष्क के बेहतर स्वास्थ्य और कामकाज को बनाए रखने और इसकी गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नींद के दौरान मस्तिष्क विभिन्न आवश्यक प्रक्रियाओं से गुजरता है जो संज्ञानात्मक, भावनात्मक और शारीरिक कल्याण को प्रभावित करती हैं। यानी कि अगर आपको अपने मस्तिष्क को स्वस्थ रखना है तो इसके लिए नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।




### अनिद्रा की समस्या और मस्तिष्क से संबंधित विकार

हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बताया कि जिन लोगों को अनिद्रा या नींद से संबंधित बीमारियां होती हैं उनके मस्तिष्क की क्षमता समय के साथ कमजोर होने का खतरा बढ़ जाता है। नींद की कमी संज्ञानात्मक शिथिलता से जुड़ी है, यानी कि इसके कारण समय के साथ आपके मस्तिष्क के काम करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। इनसोम्नियाक माउस मॉडल का उपयोग करके किए गए इस अध्ययन में पाया गया है कि संज्ञानात्मक कार्यों को ठीक रखने के लिए जरूरी है कि आप नींद की गुणवत्ता को ठीक रखें।

### मस्तिष्क से संबंधित विकारों को कैसे कम करें?

अध्ययन की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने नोट किया कि पीटीएन की मात्रा की कमी की स्थिति में मस्तिष्क में स्मृति और सीखने के लिए जिम्मेदार हिप्पोकैम्पस कोशिकाएं मरने लगती हैं। अल्जाइमर और अन्य न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों में भी इस प्रोटीन की मदद से सुधार करने के आसार हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि अगर आप अच्छी नींद लेते हैं तो यह इन कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में मददगार है और मस्तिष्क से संबंधित विकारों को भी कम कर सकती है।




### मस्तिष्क के लिए जरूरी प्रोटीन के बारे में पता चला

अमेरिकन केमिकल सोसायटी के जर्नल ऑफ प्रोटीन रिसर्च में प्रकाशित इस अध्ययन में वैज्ञानिकों की टीम ने एक सुरक्षात्मक प्रोटीन प्लियोट्रोफिन या पीटीएन की पहचान की है जो मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए बहुत आवश्यक है, हालांकि नींद की कमी की स्थिति में इसका स्तर भी कम होने लग जाता है। पीटीएन को तंत्रिकाओं की सेहत, हड्डी के विकास, सूजन, कैंसर मेटास्टेसिस और ऊतकों की मरम्मत के लिए भी आवश्यक पाया गया है।

### नींद में कैसे करें सुधार?

इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने कहा, नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए रात की नींद पर ही ध्यान दिया जाना आवश्यक है। इससे पहले जर्नल ऑफ द अमेरिकन जेरियाट्रिक्स सोसाइटी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, कम सोने वाले लोगों का मस्तिष्क समय से पहले बूढ़ा होने लग जाता है। मस्तिष्क की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने और इससे संबंधित बीमारियों के जोखिमों को कम करने के लिए नींद को सुधारने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए।



## तनाव में नेगेटिव बातें सोचने से पहले अपनाएं ये स्टेप्स

वर्क स्ट्रेस के कारण क्या आपके भी मन में नेगेटिव ख्याल आता है? अगर हां तो किसी भी तरह के गलत कदम उठाने से पहले एक्सपर्ट के बताए इन बातों को जरूर फॉलो करें। इससे स्ट्रेस दूर करने में मदद मिलेगी

काम जरूरी है लेकिन काम के दौरान प्रेशर इनता बढ़ जाता है कि कई बार यह निराशा और अवसाद का कारण बन जाता है। यही डिप्रेशन मन में गलत विचारों को पैदा करता है और व्यक्ति आत्महत्या जैसी कदम उठाने लगता है। अभी हाल ही में खबर सामने आई है कि काम के दबाव के कारण एक लड़की ने मौत को गले लगा लिया। ऐसे में जरूरी है कि अगर किसी भी व्यक्ति को कम का दबाव महसूस हो तो वक्त रहते ही इसकी गंभीरता को समझा जाए,और इससे निपटने के लिए उपाय किए जाएं।

वैसे तो योग, प्राणायाम जैसी कई सारी क्रियाएं हैं जो मन को शान करती है, लेकिन जरूरी है कि वर्क स्ट्रेस के कारण को समझकर उनका निदान किया जाए। अगर आप भी वर्क स्ट्रेस से परेशान हैं और मन में गलत ख्याल आते हैं तो आपको एक्सपर्ट के बताएं कुछ टिप्स जानना चाहिए, जिससे आपकी टेंशन दूर होगी।

### वर्क स्ट्रेस से दूर रहने के उपाय



एक्सपर्ट बताते हैं कि काम के साथ जिम्मेदारियां का दबाव स्वाभाविक है, लेकिन ऐसा लगे कि वर्क स्ट्रेस के कारण आपके जीवन पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है तो खुलकर बात करना जरूरी ह। एक बार अपने एचआर से अपनी चिताओं को साझा कीजिए, हो सकता है कि उनके पास आपकी समस्या का कोई समाधान हो। आपका प्रयास आपकी ही तरह अन्य कई लोगों को भी उसे तरह की समस्या से बचा सकता है। हर व्यक्ति की काम करने की अपनी क्षमता और अपना तरीका होता है, इसलिए किसी अन्य के प्रदर्शन के कारण दबाव में ना आएं। किसी अन्य से आपके काम की तुलना नहीं की जा सकती। अगर आप खुद की तुलना करने की भावना से दूर रहें तो कई तरह के स्ट्रेस से खुद को दूर रख पाएंगे। ऐसे लोगों से दूर रहे जो अक्सर किसी की तुलना करते रहते हैं। काम के चक्कर में अक्सर लोगों को घर से दूर रहना पड़ता है, जो की सबसे घातक है। जहां तक संभव हो अकेले रहने से बचें, सेटल हो जाएं तो अपने परिवार के ही सदस्य को अपने पास बुला सकते हैं।

## पितरों के लिए भोजन बनाने को लेकर शास्त्रों में कही गई है ये बात, जानें नियम


पितृ पक्ष के दौरान पूर्वजों के लिए भोजन बनाना एक शुभ कार्य माना जाता है और इस भोजन को पितर ग्रहण करने वंशजों के पास आते हैं। पितरों के लिए भोजन बनाते समय एक सवाल जो अक्सर मन में उठता है वह यह होता है कि क्या हम महिलाएं अपने मासिक धर्म यानी पीरियड्स के दौरान पितरों के लिए भोजन बना सकती हैं? यह सवाल शायद कई बार मन में आता है और हम अपनी श्रद्धानुसार इस बात पर विचार करके इस पर निर्णय लेते हैं।

**पूर्वजों के लिए खाना पकाना महत्वपूर्ण क्यों है? :** पितृ पक्ष के दौरान पितरों के लिए भोजन पकाने का गहरा प्रतीकात्मक और आध्यात्मिक महत्व है। ऐसा



माना जाता है कि इस दौरान पूर्वजों की आत्माएं अपने वंशजों द्वारा दिया गया तर्पण ग्रहण करने के लिए पृथ्वी पर आती हैं। पका हुआ भोजन, विशेष रूप से चावल, दाल और दूध जैसी चीजें चढ़ाना, यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि पूर्वजों की आत्मा को पोषण और संतुष्टि मिले। पका हुआ भोजन अक्सर ब्राह्मणों, गाय जैसे जानवरों और पक्षियों, मुख्य रूप से कौओं को परोसा जाता है।

ऐसा माना जाता है कि कौए पूर्वजों के संदेशवाहक के रूप में काम करते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह वंशजों और उनके दिवंगत पूर्वजों के बीच एक मजबूत संबंध बनाए रखने का आसान तरीका है जिससे परिवार की भलाई और समृद्धि के लिए उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है।

































## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## नवंबर में रिलीज होगी वेब सीरीज 'ड्यूनः प्रोफेसी', जियो सिनेमा पर होगी स्ट्रीमिंग



वेब सीरीज 'ड्यूनः प्रोफेसी' की रिलीज को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इस बहुप्रतिक्षित वेब सीरीज को नवंबर में रिलीज किया जाएगा। भारतीय दर्शक इस सीरीज को जियो सिनेमा पर स्ट्रीम कर सकेंगे। इसकी जानकारी खुद जियो सिनेमा की ओर से दी गई है। सीरीज को जियो सिनेमा प्रीमियम पर देखा जा सकेगा। दर्शक इस अपडेट का पाने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे थे और अब इससे परदा हटा दिया गया है। जुलाई में जब 'ड्यूनः प्रोफेसी' का दूसरा टीजर ट्रेलर आया था तो दर्शकों ने इसे पसंद किया था। भारतीय दर्शक भी इस सीरीज को लेकर खासे उत्साहित है, क्योंकि इसमें तब्बू ने भी अभिनय किया है और टीजर में भी उनकी झलक देखने को मिली थी। इसमें तब्बू सिस्टर फ्रांसेस्का के रोल में नजर आएंगी। यह सीरीज केविन जे एंडरसन और ब्रायन हर्बर्ट द्वारा लिखे गए उपन्यास सिस्टरहुड ऑफ ड्यून से प्रेरित है। यह एक साइंस फिक्शन वेब सीरीज है। इसमें कुल छह एपिसोड होंगे। 'ड्यूनः प्रोफेसी' में एमिली, ओलिविया विलियम्स, ट्रैविस फिमेल, जोहदी मे, तब्बू, सारा-सोफी बोस्निना, एडवर्ड डेविस, फॉइलेन कनिंघम, मार्क स्ट्रॉन्ग, क्लो ली, जोश हेस्टन, जेड एनोका, शालोम ब्रून-फ्रैंकलिन, क्रिस मेसन और एओइफ हिंड्स ने अभिनय किया है। इस सीरीज का निर्माण कनिंग हैंड, एनाबेलिटा फिल्म्स और लेजेंडरी टेलीविजन द्वारा मिलकर गया है।

### टॉलीवुड

## रजनी की फिल्म 'वेट्टैयन' में सत्यदेव बन दिल जीतने आ रहे अमिताभ




टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी रजनीकांत अभिनीत फिल्म 'वेट्टैयन' के किरदारों से पर्दा उठना शुरू हो गया है। इसी बीच फिल्म के निर्माताओं ने बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन की भूमिका के सबसे प्रतीक्षित किरदार पोस्टर का अनावरण कर दिया है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक शक्तिशाली प्रोमो जारी किया, जिसमें बिग बी को सत्यदेव के रूप में पेश किया गया है। 'वेट्टैयन' के निर्माताओं के जरिए जारी किए गए वीडियो में अनुभवी सुपरस्टार को उनके सिग्नेचर कुर्ता और पश्मीना शॉल लुक में दिखाया गया है। एक शॉट में, अभिनेता को अपने दोस्त और को-स्टार रजनीकांत के साथ बातचीत करते देखा जा सकता है। एक अन्य शॉट में, वह पर्दे के पीछे एक स्क्रिप्ट को पढ़ते नजर आ रहे हैं। निर्माताओं ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'वेट्टैयन के पावरहाउस से मिलिए। श्रीबच्चन को सत्यदेव के रूप में पेश कर रहा हूं। उनके अभूतपूर्व प्रदर्शन को देखने के लिए तैयार हो जाइए।'

भारतीय सिनेमा के इन दो आइकनों को एक साथ देखने के लिए प्रशंसक काफी ज्यादा उत्साहित हैं। सूत्रों के मुताबिक, बिग बी फिल्म में जज के रूप में एक विस्तारित कैमियो भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। हालांकि, आधिकारिक पुष्टि का अभी भी इंतजार है। 'वेट्टैयन' 32 सालों के बाद बड़े पर्दे पर रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के लंबे समय से प्रतीक्षित पुनर्मिलन का प्रतीक है। रजनीकांत और अमिताभ बच्चन इससे पहले 'अंधा कानून' (1983), 'गिरफ्तार' (1985) और 'हम' (1991) जैसी फिल्मों में एक साथ नजर आए थे। 'हम' के बाद से, दोनों सितारों ने एक साथ काम नहीं किया है, जिससे 'वेट्टैयन' दोनों अभिनेताओं के प्रशंसकों के लिए एक बहुप्रतीक्षित फिल्म बन गई है। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी इस फिल्म में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं।

### भोजपुरी

## दुर्गापूजा पर खेसारी की 'अपराधी' मचाएगी धमाल, हैंडसम लुक में जच रहे बिहारी बाबू



ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव की नई फिल्म 'अपराधी' इस दुर्गापूजा पर देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म का निर्माण दक्षा फिल्म इंडिया के बैनर तले किया गया है और निर्देशन शेखर शर्मा ने किया है। इससे पहले शेखर शर्मा की निर्देशित खेसारीलाल की दो फिल्में 'मुकद्दर' और 'बागी' बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई थीं। फिल्म 'अपराधी' में खेसारीलाल का दमदार एक्शन और रोमांस देखने को मिलेगा, जिसमें गांव का खास अंदाज दिखाया जाएगा। फिल्म में ऋतु सिंह, मेघाश्री, और रक्षा गुप्ता भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी। बिहार और झारखंड में फिल्म का वितरण रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट कर रही है। फिल्म 'अपराधी' को लेकर खेसारीलाल यादव ने कहा, 'यह फिल्म मेरे दिल के बेहद करीब है। इसमें मेरा किरदार एक्शन और रोमांस दोनों का बेहतरीन मिश्रण है, जो दर्शकों को जरूर पसंद आएगा। खासकर इस दुर्गापूजा के मौके पर इसे रिलीज करना मेरे लिए खास है, क्योंकि यह फिल्म परिवार और समाज के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उजागर करती है। हमारी टीम ने इस पर कड़ी मेहनत की है, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे बहुत प्यार देंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि 'अपराधी' में गांव का असली अंदाज और जज्बात दिखाने की कोशिश की गई है, जिसे दर्शक बड़े पर्दे पर जरूर एंजॉय करेंगे।

### हाथ का हुनर




भारतीय फैशन उद्योग में हैंडलूम के बने कपड़े अलग ही छटा बिखेरते हैं। जब मौका हरियाणा के सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले का हो तो यहां प्रमुख फैशन डिजाइनर अपना कलेक्शन लांच करने उत्सुक रहते हैं। इस वर्ष फरवरी में आयोजित मेले में अभिषेक गुप्ता, अमिता गुप्ता, गौतम गुप्ता, हेमांग अग्रवाल, पवन सचदेवा, श्रुति संचेती, सुकेत धीर, तन्मया-मनीष त्रिपाठी जैसे डिजाइनरों ने हैंडलूम के अपने डिजाइन दर्शकों के सामने रखे। इसे देश-विदेश के फैशन के जानकारों के बीच अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

## होंठों को स्क्रब करने के फायदे ही नहीं, नुकसान भी



सुर्ख गुलाबी गाल आपने सुना होगा, लेकिन क्या सुर्ख गुलाबी होंठों के बारे में सुना है। लिप स्क्रब यूवी किरणों से होंठों को बचाकर उन्हें टैनिंग या अनइवन होने से बचाता है। हालांकि, सवाल है कि क्या वाकई लिप स्क्रब करना सही है? इसके फायदे आपको पता हैं, लेकिन इससे होने वाले नुकसान के बारे में क्या आप जानती हैं?

हेयर, स्किन और नेल केयर एक्सपर्ट डॉ. मानसी शिरोलिकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसके फायदे और नुकसान दोनों बताए हैं। वह बताती हैं कि लिप स्क्रब अच्छे होते हैं या नहीं ये निर्भर करता है कि आपका स्किन टाइप क्या है, आपकी लिप कंडीशन कैसी है और आप कितनी जल्दी-जल्दी लिप स्क्रब अप्लाई करते हैं।

यह बॉडी स्क्रब की तरह ही है। यह रूखे और चैप्ड लिप्स के लिए ही अच्छा नहीं है, बल्कि आपके स्किन केयर रूटीन का एक जरूरी हिस्सा है। अगर आपके होंठ काले हो रहे हैं, तो एक अच्छा लिप स्क्रब डेड स्किन सेल्स को हटा सकता है। इतना ही नहीं, यह काले धब्बों को हटाने में मदद करता है और आपके होंठों को नरम और मुलायम बनाने में मदद करता है। लिप स्क्रब आमतौर पर चीनी, कॉफी या नमक से बनाया जाता है, जो आपके होंठों की डेड स्किन को हटाने में मदद करता है।

अपने होंठों को लिप स्क्रब से एक्सफोलिएट करने से वे दिखने में स्मूथ और सॉफ्ट होने लगेंगे। इतना ही नहीं, होंठ अधिक हाइड्रेटेड भी दिखने लगते हैं। होंठों को बेहतर दिखाने के अलावा, लिप-लाइटनिंग स्क्रब होंठों को फटने से बचाने और रूखे, फटे होठों के दर्द से राहत दिलाने में मदद करते हैं।

एक्सफोलिएशन से होंठों को प्लंप दिखाने में मदद मिलती है और यह उन्हें भरा-भरा दिखाने में मदद कर सकता है। घरेलू स्क्रब बनाने के लिए चीनी और नारियल तेल का उपयोग किया जा सकता है।

इतना ही नहीं, होंठों पर भी समय के साथ झुर्रियां होने लगती हैं, जिसे ये स्क्रब्स दूर कर सकते हैं। लिप स्क्रब का उपयोग किसी भी समय किया जा सकता है। लिप स्क्रब को यदि मॉडरेशन में अप्लाई किया जाए, तो इससे आपके होंठ सॉफ्ट होंगे और डेड सेल्स हटेंगे।

## दिखना है सबसे अलग तो नवरात्रि में पहनें लाइम ग्रीन कलर सूट




पितृ पक्ष की समाप्ति के बाद नवरात्रि का आगमन होना है। त्यौहार के इन दिनों में हर कोई अपने लिए एथनिक आउटफिट की खरीदारी करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम सभी चाहते हैं कि लुक सबसे अलग नजर आए। लेकिन हर बार हम एक ही जैसे आउटफिट कलर को खरीद लेते हैं, जो पहनने के बाद अच्छे नहीं लगते हैं। इस बार कुछ अलग रंग के आउटफिट को स्टाइल करें। इससे आपका लुक भी अच्छा लगेगा। लाइम ग्रीन सूट कलर आजकल काफी ट्रेंड में है। इसे आप भी वियर कर सकती हैं।

### लाइम ग्रीन कलर प्लाजो सूट डिजाइन



आप नवरात्रि में सुंदर दिखने के लिए लाइम ग्रीन कलर के प्लाजो सूट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सूट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही, लुक को सुंदर बनाते हैं। इसमें आपको वी नेकलाइन के साथ-साथ कॉलर नेकलाइन के सूट डिजाइंस मिल जाएंगे। साथ ही, प्लाजो पैंट में नीचे की तरफ लेस डिजाइन मिलेगा। इसके साथ आपको दुपट्टा भी सेम लेस डिजाइन के साथ मिलेगा। इससे आपका सूट लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह के सूट आपको रेडीमेड डिजाइन में मिल जाएंगे। जिसे आप अलग तरह की ज्वेलरी के साथ वियर कर पाएंगी।

### लाइम ग्रीन कलीदार सूट डिजाइन

आप नवरात्रि के दिनों में लाइम ग्रीन कलर के कलीदार सूट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको नेकलाइन पर हैवी और सिंपल हर तरह के डिजाइन मिल जाएंगे। इसके साथ आपको पैंट प्लेन डिजाइन में मिलेगी। दुपट्टा आपको नेट डिजाइन में मिलेगा। इससे आपका सूट अच्छा लगेगा। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। इस तरह के सूट आपको मार्केट में 500 से 1,000 रुपये में मिल जाएगी।

### लाइम ग्रीन अनारकली सूट डिजाइन

अगर आपको अनारकली सूट पहनना पसंद है, तो इसके लिए आप लाइम ग्रीन कलर में सूट को खरीदें। इसके साथ मल्टी कलर दुपट्टे को स्टाइल करें। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आप सुंदर नजर आएंगी। इस तरह के सूट मे आको प्रिंट और डिजाइन दोनों अच्छे मिलेंगे।

## घर की रौनक बढ़ा देंगे शानदार शू रैक!




आप अपने घर में जूते-चप्पल रखने कोई शानदार आईडिया खोज रही हैं तो आपके घर की रौनक को बढ़ा देने वाले शानदार शू रैक को इस्तेमाल जरूर कीजिए। इसमें आपको काफी सारा स्पेस मिलता है, जिसमें आप अपने घर के सारे जूते चप्पल आराम से रख सकते हैं। वहीं इन शू रैक पर आपको कवर भी मिलता है, जिसकी वजह से आपको जूते-चप्पल नजर नहीं आते। साथ ही ये आपके जूते-चप्पल को धूल मिट्टी से बचकर भी रखते हैं।

मिनी शू रैक ऑरेंज कलर में मिल रही है। वहीं इस जूता रैक में आपको दरवाजे भी मिल रहे है, जिसकी वजह से आप इसमें अपने जूते चप्पलों को आराम से रख सकते हैं। साथ ही इसको आप पाने घर से लेकर ऑफिस तक के लिए चुन सकते हैं। वहीं इस शू रैक डिजाइन में आपको काफी अच्छा स्पेस मिल रहा है, जिसकी वजह से आप इसमें अपने कई जोड़ी जूते चप्पलों को रख पाएंगे। साथ ही यह काफी मजबूत है। इसमें आप अपने जूते चप्पलों के अलावा बहुत सारा सामान भी रख सकते हैं।

प्लास्टिक शू रैक फोल्डिंग करने की सुविधा के साथ मिल रही है। इसमें आपको 5 बॉक्स मिलते है, जिसमें आप अपने जूते को आराम से रख सकते हैं। वही यह आपको ब्लैक कलर में मिल रही है, जो देखने में काफी अट्रैक्टिव है। वहीं यह वाटरप्रूफ है। इसको काफी मजबूत प्लास्टिक से बनाया गया है, जो जल्दी खराब नहीं होता। वही आपको इस शू स्टोरेज में दरवाजे मिलते है, जो आपके जूते चप्पलों को धूल मिट्टी से बचाएंगे। इसमें आप अपने जूते चप्पलों के अलावा किताबें, कपड़े, खिलौने और भी बहुत सारी चीजों को स्टोर करके रख सकते हैं।

यह मल्टीपर्पस स्टोरेज रैक आपको डस्टप्रूफ कवर के साथ मिल रहा है। वहीं इस शू रैक डिजाइन में आपको कई कलर मिल रहे है, जिन्हें आप अपनी पसंद के हिसाब से चुन सकते हैं। साथ ही इसमें आप खिलौने, जूते और कपड़े जैसा कई सामान रख सकते हैं।

## 40 की उम्र के बाद भी चाहिए ग्लोइंग स्किन तो ऐसे रखें त्वचा का ख्याल



यदि आप त्वचा की देखभाल में रुचि रखते हैं और त्वचा के बदलाव को कंट्रोल करना चाहते हैं तो कुछ ऐसे तरीके जानिए, जिनको अपनाकर आप दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### सूरज की किरणों से करें बचाव

सूर्य के हानिकारक अल्ट्रावायलेट रेडिएशन से बचने के लिए हमेशा SPF सनस्क्रीन लगाएं। खासकर अगर आप घर से बाहर निकल रहे हैं तो सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। यह त्वचा को सूरज के हानिकारक प्रभावों से बचाने में मदद करेगा।

### त्वचा को रोज करें मॉइश्चराइज

एक उम्र के बाद त्वचा में रुखापन दिखने लगता है। ऐसे में हर रोज त्वचा को मॉइश्चराइज जरूर करें। मॉइश्चराइजर खरीदते वक्त अपनी स्किन टाइप और मॉइश्चराइजर की क्वालिटी का ध्यान अवश्य रखें।

### त्वचा की विशेष देखभाल

त्वचा की सही से देखभाल करें। इसके लिए अपने त्वचा के प्रकार के हिसाब से उपयुक्त फेसवॉश और क्रीम का इस्तेमाल करें। ताकि ये स्किन को डैमेज ना कर पाए।

### सही आहार


आहार सबसे पहले त्वचा के स्वास्थ्य पर असर डालता है। ऐसे में अपनी डाइट में फल, सब्जियां, अनाज, प्रोटीन को शामिल करें। हानिकारक खाद्य पदार्थों से बचें और पर्याप्त पानी पिएं।

### कार्नर न्यूज

**फैशन के इस दौर में नौजवानों की पसंद बन गई है बियर्ड फेडिंग**

## जानिए बियर्ड फेडिंग और पाएं कूल फेडेड बियर्ड लुक, लोग तारीफ करते नहीं थकेंगे

*आजकल फैशन बियर्ड का ही है। अपने चेहरे के हिसाब से सभी पुरुष अलग-अलग तरह की बियर्ड रखते हैं। कभी विराट कोहली वाली तो कभी विक्की कौशल का स्टाइल पुरुषों को भा जाता है। इन्हीं लुक में से एक है बियर्ड फेडिंग। फेडिंग के साथ बियर्ड का लुक थोड़ा और नेचुरल आ जाता है। पुरुषों को फेडिंग का यही अंदाज तो पसंद आता है। इसलिए आजकल बियर्ड फेडिंग के दीवाने सभी हो चुके हैं। मगर अफ़सोस अभी भी कई पुरुष इसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानते हैं। इसलिए इसको अपने लुक पर आजमा भी नहीं पाते हैं। लेकिन हम बियर्ड फेडिंग से जुड़ी गाइड ले आए हैं।*



### दाढ़ी को कैसे परफेक्टली फेड करें

जिन पुरुषों ने अभी तक बियर्ड फेडिंग नहीं कराई है, उन्हें इसके बारे में पता भी नहीं है। लेकिन स्टेप बाय स्टेप इस ट्रिक को आसानी से समझा जा सकता है। चलिए जानते हैं बियर्ड फेडिंग के बारे में सबकुछ-

### क्या होती है फेडेड बियर्ड

बियर्ड फेडिंग के बारे में सबकुछ समझने से पहले हमें ये भी समझना होगा कि ये आखिर होती क्या है। इसके लिए आपको बियर्ड ट्रिमिंग वाला दिन याद करना होगा। बियर्ड ट्रिम कराने के लिए आप अक्सर सैलून ही जाते हैं। ऐसा खुद नहीं करते हैं, पता है क्यों? क्योंकि सैलून में बियर्ड ट्रिमिंग के साथ फेडिंग भी की जाती है। इसमें आपके कान के ऊपर और इसके आस पास के बाल और दाढ़ी के ऊपरी बालों को आपस में कुछ ऐसे ट्रिम किया जाता है कि ये अलग-अलग नहीं लगते हैं। दरअसल यही एक तरह से फेडिंग है। इसमें लंबे बालों को छोटे बालों के साथ ऐसे मिलाया जाता है कि छोटे-बड़े बालों में अंतर पता ही नहीं चलता है और फिर बहुत नेचुरल लुक मिल जाता है। फेड किसी भी उस जगह पर किया जा सकता है, जहां हार्ड लाइन हो। इस लाइन को नेचुरल लुक देने के लिए ही फेडिंग की जा सकती है।



### टूल्स तो आपके पास हैं न

बियर्ड फेड करने से पहले आपको सही टूल्स की जरूरत होती है। खासतौर पर बियर्ड ट्रिमर (beard trimmer)के साथ एडजस्टेबल लेंथ कॉम्ब होना जरूरी है। आपको क्लिपर की जरूरत भी पड़ेगी।